रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 28 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-336 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बिहार स्थित पैतृक गांव में हुआ झा का अंतिम संस्कार



**सीतामढ़ी/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मध्यप्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्वर्गीय प्रभात झा का उनके पैतृक स्थल बिहार के सीतामढ़ी जिले के ग्राम कोरियाही में अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय झा का धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र तुष्मुल झा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके पूर्व उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक निवास से निकली। इस दौरान अंतिम दर्शन करने व अपने प्रिय नेता को विदाई देने सैकड़ों लोग सड़कों पर जमा हो गये।

### कुपवाड़ा मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर, एक जवान भी शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया और सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक अन्य सैनिक घायल हो गया। अधिकारियों ने इसे पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) का हमला करार दिया। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि दो से तीन हथियारबंद लोगों ने एलओसी पार की और माछिल सेक्टर में एक अग्रिम चौकी पर बहुत करीब से गोलीबारी शुरू कर दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी जारी करने के एक दिन बाद नियंत्रण रेखा पर यह मुठभेड़ हुई।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगी। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर 27 जुलाई को शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। उसके बाद 6.45 बजे सर्किट हाउस रायपुर पहुंचेंगी। रात्रि 7.30 बजे सड़क मार्ग से रायपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि 11.55 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर पहुंचेंगी। 28 जुलाई को सुबह 9.30 बजे मंत्री ठाकुर द्वारा आंगनबाड़ी और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# केंद्र और राज्यों के प्रयासों से 2047 में विकसित भारत का सपना होगा साकार : पीएम मोदी

## नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शामिल हुये छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निवेश आकर्षित करने के लिए नीति आयोग को 'निवेश-अनुकूल चार्टर' तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। मोदी ने नीति आयोग की नौवीं संचालन परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य और जिले को वर्ष 2047 के लिए एक दृष्टिकोण पत्र बनाना चाहिए ताकि विकसित भारत को साकार किया जा सके। उन्होंने युवाओं को रोजगार के लिए तैयार में उनके कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया और कहा कि विकासशील भारत के लिए प्राथमिकता के रूप में शून्य गरीबी का लक्ष्य रखना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री ने नीति आयोग को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सुझावों का अध्ययन करने का निर्देश भी दिया। मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 20 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों ने भाग लिया। मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में स्थिर विकास हासिल किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक के अंत तक पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारे देश ने सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करके बहुत प्रगति की है। पहले मुख्य रूप से आयात-आधारित देश होने के बाद, भारत अब दुनिया को कई उत्पाद निर्यात करता है। देश ने रक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्ट-अप और खेल जैसे व्यापक क्षेत्रों में विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाई है। मोदी ने कहा कि यह परिवर्तन का दशक है जो विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सारे अवसर लेकर आया है। उन्होंने राज्यों को इन अवसरों का लाभ उठाने और नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन में नवीन दृष्टिकोण के माध्यम से विकास के लिए अनुकूल नीतियां बनाने तथा शासन कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### छत्तीसगढ़ में स्किल्ड-बेस्ड एजुकेशन, प्राकृतिक औषधालय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मिलेगा बढ़ावा : विष्णुदेव साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की बैठक में राज्य की विकास योजना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य, और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वर्तमान में राज्य का GSDP 5.05 लाख करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यावसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएँ देना है जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी कार्ड' बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, सतत विकास, और राज्य की संस्कृति व परंपरा के संरक्षण की योजना साझा की। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ सुपर फूड्स की पैदावार और प्राकृतिक औषधालयों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी सेक्टर के विस्तार के साथ-साथ सड़कों, इमारतों जैसी भौतिक संरचनाओं और इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क जैसी डिजिटल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया जाएगा।

## लंबित मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी का अधिकतम उपयोग आवश्यक : बिरला

वार्ता < जोधपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने में न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा है कि लंबित मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है। बिरला शनिवार को यहां राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने देश को कई अत्यंत विशिष्ट न्यायाधीश और प्रख्यात अधिवक्ता दिए हैं जिन्होंने कानून और न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा में न्यायालय के निर्णयों ने राजस्थान सहित देश के सभी लोगों के हितों को सुरक्षित और सशक्त किया है। बिरला ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार बताते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार और न्यायपालिका दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## 'माइक्रोफोन बंद किए जाने का ममता का दावा भ्रामक'



**नयी दिल्ली।** नीति आयोग की राजधानी में शनिवार को हुई बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्राफोन को बंद किए जाने के दावे को केंद्र सरकार के अधिकारियों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि बनर्जी को राज्य सरकार के अनुरोध पर उनके क्रम से पहले बोलने का मौका दिया गया और उनका समय पूरा होने की घंटी तक नहीं बजायी गयी। अधिकारियों का कहना है, 'वहां की घड़ी दर्शाती है कि उनका (बनर्जी का) बोलने का समय पूरा हो गया था। समय पूरा होने की घंटी भी नहीं बजायी गयी थी।

## जयशंकर ने लाओस के प्रधानमंत्री से मुलाकात की भारतीय नागरिकों की तस्करी के मुद्दे पर की चर्चा

वार्ता < वियनतियाने/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश में साइबर घोटाला केंद्रों के जरिए भारतीय नागरिकों की तस्करी का मुद्दा उठाया तथा रक्षा एवं ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विकास साझेदारी और सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, विदेश मंत्री आसियान की बैठक के लिए लाओस में हैं, उन्होंने कंबोडियाई और थाईलैंड के विदेश मंत्रियों के साथ भारतीय नागरिकों की तस्करी के मुद्दे पर भी चर्चा की। डॉ जयशंकर ने एक्स पर कहा, लाओस के पीएम सोनेक्से सिफांडोन से मुलाकात करते हुए खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक बधाई दी।

## विपक्षी गठबंधन को खुश करने के लिये झूठ फैला रही हैं ममता : सीतारमण

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्रोफोन बंद किये जाने के दावे को 'मिथ्या प्रचार' बताया और कहा कि वह विपक्षी इंडिया गठबंधन को खुश करने के लिये ऐसा कर रही हैं। सीतारमण ने कहा कि बनर्जी ने बैठक में अपने पूरे समय का उपयोग किया और अपनी बात रखी। उन्होंने इस विषय पर कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश के सोशल मीडिया पर जारी बयान के जवाब में कहा, लेकिन अब जब वह बाहर बेबुनियाद बातें कह रही हैं, तो मैं केवल यही निष्कर्ष निकाल सकती हूँ कि वह इंडिया गठबंधन को खुश रखने की कोशिश कर रही हैं। वित्त मंत्री ने कहा, जयराम आप तो वहां (बैठक में) थे भी नहीं। हम सभी ने माननीय मुख्यमंत्री को सुना। उन्होंने अपने पूरे निर्धारित समय तक बोला। हमारी टेबल के सामने लगी स्क्रीन पर (वक्ताओं का) समय दिखता था। कुछ दूसरे मुख्यमंत्रियों ने अपने निर्धारित समय से ज़्यादा समय तक बात की। उनके अनुरोध पर, बिना किसी शोर-शराबे के उन्हें अतिरिक्त समय दिया गया। माइक बंद नहीं किये गये, किसी के लिये नहीं, खास तौर पर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के लिये नहीं। सीतारमण ने कहा, ममता जी ने मिथ्या बातें फैलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वह (ममता) बैठक शामिल हुई। मुझे खुशी तब हुई, जब उन्होंने कहा कि वह बंगाल और वास्तव में पूरे विपक्ष के लिये बोल रही हैं। मैं (सीतारमण) उनकी बातों से सहमत या असहमत हो सकती हूँ। लेकिन अब जब वह बाहर बेबुनियाद बातें कह रही हैं, तो मैं केवल यही निष्कर्ष निकाल सकती हूं कि वह इंडिया गठबंधन को खुश रखने की कोशिश कर रही हैं।

## संसद की प्राथमिक भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना: धनखड़

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद की प्राथमिक भूमिका संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा करना है और कोई भी कार्यवाही समीक्षा से परे है। धनखड़ ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों और हितों को राजनीतिक विचारों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद की मूल भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। संसद से अधिक गंभीर लोकतंत्र का संरक्षक कोई नहीं हो सकता। उन्होंने सांसदों से कहा, यदि लोकतंत्र पर कोई संकट आता है, यदि लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला होता है, तो आपकी भूमिका निर्णायक होती है। धनखड़ ने कहा कि संसद की मूल मुख्य और निर्णायक भूमिका दो हैं। इनमें संविधान का सृजन और संरक्षण करना तथा प्रजातन्त्र की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के लिए कोई भी विषय वर्जित नहीं है, बशर्ते उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सदन की प्रक्रिया के नियमों में निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन किए जाने पर किसी भी विषय, किसी भी व्यक्ति, किसी भी व्यक्ति और अध्यक्ष के आचरण पर भी चर्चा की जा सकती है। संसद की स्वायत्तता और अधिकार पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा, संसद अपनी प्रक्रिया और अपनी कार्यवाही के लिए सर्वोच्च है। सदन में, संसद में कोई भी कार्यवाही समीक्षा से परे है, चाहे वह कार्यपालिका हो या कोई अन्य प्राधिकारी। उन्होंने कहा कि संसद के अंदर जो कुछ भी होता है, उसमें अध्यक्ष के अलावा किसी को भी हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। यह कार्यपालिका या किसी अन्य संस्था का नहीं हो सकता।

# जहरीली गैस के चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जहरीली गैस के चपेट में आने से तीन युवकों की मौत मौके पर हो गई जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है घटना की खबर मिलने पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन मौके पर पहुंची। बेमेतरा जिला के ग्राम कुआं में परस साहु के खेत में लगे ट्यूब वेल को सुधारने के लिए सबसे पहले आत्माराम साहू पिता परदेशी राम साहू उम्र 55 साल कुआं के नीचे उतरा जो कुछ देर के बाद बेहोश होकर गिर गया जिसे कुआं के बाहर खड़े लोगों ने उसे गिरते हुए देखा तो वहां पर अफरा-तफरी मच गई इसी बीच ग्रामीणों के द्वारा पेड़ पर एक रस्सी बांधकर दो युवा राकेश साहू पिता बाबू लाल साहू उम्र 25 साल एवं रामकुमार ध्रुव पिता राम लाल उम्र 45 साल एक के बाद एक कुआं में उतरे किंतु दोनों भी एक के बाद एक बेहोश होकर कुआं में गिर गए जिसे देखकर कुआं के ऊपर में खड़े लोगों में दहशत बढ़ गए और लोगों को सहायता के लिए आवाज देने लगे तो गांव के लोग वहां पर उपस्थित हुए तब तक किसी ने पुलिस तथा जिला प्रशासन को खबर हो गई और वहां पर पुलिस एवं जिला प्रशासन के लोग भी मौके पर पहुंच गए इस संबंध में ग्रामीणों के अनुसार कुआं में जहरीली गैस होने के कारण तीनों की मौत होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है लेकिन यह भी जानकारी में आया है कि कुआं के नीचे ट्यूबवेल लगा है जिस चलाने के लिए विद्युत तार भी नीचे गया है तो यह भी हो सकता है कि विद्युत तार में कहीं कोई विद्युत करंट आने की कारण भी यह हादसा हो सकता यह सब जांच का विषय है।

## सप्लायरों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

# पायनियर के खुलासे के बाद निलंबित सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए सेंट्रल जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं
अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं
करोड़ों का अनुदान घोटाला, तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि और तीन फर्म के खिलाफ एफआईआर
...पी तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि निलंबित
...एफआईआर पर पुलिसिया कार्रवाई में हीलहवाला
...के साथ ही 3 सप्लायरों पर भी हुई है एफआईआर, पुलिस किसी तक नहीं पहुंच सकी
...में पहुंचा मत्स्य विभाग में अनुदान घोटाले का मामला
क्या है मामला

पायनियर
लगातार



मत्स्य विभाग में करोड़ों के अनुदान घोटाले में प्रदेश की पहली बड़ी कार्रवाई सामने आई है। राजनांदगांव कोतवाली पुलिस ने फरार चल रही निलंबित सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए (47) को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में सहायक संचालक के अपने कार्यकाल के दौरान उक्त अधिकारी ने दस्तावेजों की कूटरचना, कर करोड़ों की सब्सिडी का घोटाला किया था जिसका खुलासा प्रदेश में सबसे पहले राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने 30 मई को किया था। मत्स्य विभाग में कूटरचना, को अंजाम देकर करोड़ों का अनुदान घोटाला किए जाने के मामले में मुख्य आरोपी सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार की शाम कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल दुर्ग भेज दिया गया है। इस प्रकरण में गीतांजलि के अलावा तीन फर्म संचालक भी आरोपी हैं। निलंबित अधिकारी को जेल भेजे जाने के बाद अब सप्लायर फर्म के संचालकों पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। 30 मई को पायनियर ने सबसे पहले मत्स्य विभाग में केज कल्चर की स्थापना में करोड़ों के अनुदान घोटाले का पर्दाफाश किया था। इस बीच जांच के बाद सचिवालय ने जुलाई में सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए थे। 4 जुलाई को धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान दस्तावेज जुटाने शुरु किए। विभागीय जांच के पहलुओं के साथ ही अन्य नियम-कानून को मद्देनज़र रखते पुलिस ने कार्रवाई की योजना तैयार की। अंततः 27 जुलाई को पुलिस ने आरोपी अधिकारी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### ननद, विभागीय कर्मियों के रिश्तेदारों के नाम पर किया घोटाला

गीतांजलि गजभिए पर आरोप है कि उन्होंने अपनी ननद, विभागीय कर्मियों के रिश्तेदार और एक अन्य किसान के नाम पर स्वयं ही आवेदन तैयार कर केज कल्चर स्थापना की स्वीकृति ली और इसके लिए 2 करोड़ 16 लाख रुपए के अनुदान की स्वीकृति भी दिलवाई। जबकि उक्त हितग्राहियों को केज कल्चर की स्थापना या सब्सिडी से जुड़ी कोई जानकारी ही नहीं थी। ये प्रकरण वर्ष 2021-22 के हैं। इस मामले को दबाए रखने के लिए उन्होंने नियम विरुद्ध खरीदी, भुगतान भी किया। केज कल्चर, मछली के बीज और दाना सप्लायर फर्मों की भी भूमिका इस पूरे मामले में संदिग्ध है। सप्लायर फर्म मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर, एसएस एक्वाकल्चर पथर्री फिंगेश्वर राजिम एवं एसएस एक्वाफिड झांकी रायपुर के संचालकों को भी इस प्रकरण में आरोपी बनाया गया है।

### एफआईआर के बाद से फरार थी गीतांजलि

4 जुलाई को अनुदान घोटाले के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद से गीतांजलि गजभिए फरार थीं। मौजूदा समय में वे धमतरी में बतौर सहायक संचालक पदस्थ थीं। 19 जुलाई को उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इस बीच पुलिस को गीतांजलि की गिरफ्तारी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भिलाई, धमतरी, रायपुर एवं बिलासपुर में पुलिस की अलग -अलग टीमों को आरोपी की तलाश थी। इस बीच टीम को गीतांजलि के बिलासपुर में छिपे होने की जानकारी मिली। दबिश देकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया।

## भगवान राम के संदर्भ को मिटाना चाहती है कांग्रेस : अमित मालवीय



**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कर्नाटक के रामनगर जिले का नाम बदल बेंगलुरु दक्षिण करने के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोला है और कहा है कि भगवान राम के संदर्भ को मिटाने का यह एक और प्रयास है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कर्नाटक में भगवान राम के संदर्भ को मिटाने का यह एक और प्रयास है। कांग्रेस ने पहले हलफनामे में भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया था और तब से उनका (कांग्रेस) अपना अस्तित्व सवालों के घेरे में आ गया है। कांग्रेस ऐसे फैसलों से अपनी ही मृत्युलेख लिख रही है। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक अखबार की खबर को भी संलग्न किया है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को राज्य के रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करने का फैसला किया। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। राज्य सरकार के इस फैसले को लेकर राज्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा ने कहा है कि कि रामनगर का नाम बदलना दर्शाता है कि कांग्रेस को भगवान राम के नाम से ही नफरत है। पार्टी ने कहा है कि सरकार अगर अपना फैसला वापस नहीं लेती है, तो वह प्रदर्शन करेगी। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने घोषणा की है कि अगर राज्य में उनकी सरकार सत्ता में आएगी, तो वह कांग्रेस सरकार का फैसला पलट देंगे। उल्लेखनीय है कि रामनगर राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार का गृह जिला है। वह जिले के कनकपुरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में पहली बार रामनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा था।

# पायनियर हलचल...

## मंत्री ने चुकाये सारे लोन

कहते हैं कि एक मंत्री जी ने चुनाव के वक्त लिए अपने सभी लोन चुका दिए हैं। दरअसल में मंत्री जी के पीछे शेयर मार्केट की तरह रुपये लगाए गए थे, वो भी बिना गारंटी के। शेयर मार्केट के अनुभवी लोग रुपया वहीं लगाते हैं, जहां रकम में इजाफा होने की सम्भावना होती है। ठीक वैसा ही नेता जी के साथ हुआ, नेताजी पर रुपये लगाने वालों को भरोसा था कि वह मंत्री बनेंगे ही, और वह बन भी गए। ऐसे में राशि वापस मिलना तो तय है, अब यह बात अलग है कि शेयर मार्केट की तरह रिटर्न मिला कि नहीं? पर कहा यह जा रहा है कि मंत्री ने चुनाव के दौरान लिए गए अपने सारे लोन चुका दिए हैं। लोन चुकाने के बाद अब जमीन की तलाश जारी है।

## दिनेश शर्मा पर निगाहें



विधानसभा का मानसून सत्र सम्पन्न हो चुका है। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा को वर्तमान नेता प्रतिपक्ष और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का खास माना जाता है। डॉ. रमन और चरणदास महंत विरोधी दल से होते हुए भी एक दूसरे की बातों का पूरा ख्याल रखते हैं। सम्भवतः इसीलिए दिनेश शर्मा अभी भी विधानसभा के सचिव बने हुए हैं। पर अंदरखाने में उनके कांग्रेसी समर्थक होने की खबरें तैरने लगी हैं, यह सुनियोजित तरीके से फैलायी जा रही हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि जल्द ही विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा को रिप्लेस कर दिया जाएगा। खैर सत्यता क्या है? यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## मेरी भी नहीं सुनते

वास्तव में ऐसा हो सकता है क्या? जब किसी मंत्री के लिए यह कहा जाने लगे कि वे मेरी भी नहीं सुनते, उन्हीं से बात कर लीजिए। खैर सच क्या है? क्या नहीं, यह तो मंत्री जी ही जानेंगे। लेकिन राजनीति में इस तरह की बातें यदि अपनी जगह बनाने लगीं तो मंत्री जी के लिए दूरगामी नुक्सान की पूरी सम्भावना है। कहा तो यह भी जा रहा है कि मंत्री जी की कार्यप्रणाली पर संघ भी नजर बनाए हुए है। बीते सात माह के कार्य- व्यवहार से पार्टी के कार्यकर्ता मंत्री जी से नाराज हैं ही, संघ भी मंत्री जी का बहुत पक्षधर नहीं है। लेकिन वर्तमान में उनका सिक्का मजबूत है, इसलिए कार्यकर्ता समेत संघ भी खामोशी से उनके कार्यों पर निगाहें बनाकर चल रहा है।

## सबसे बड़ा वनमंडल प्रभारी डीएफओ के हवाले

राज्य का सबसे बड़ा बजट वाला वनमण्डल प्रभारी डीएफओ के हवाले कर दिया गया है। एक एसडीओ को प्रभारी डीएफओ बना दिया गया है। हालांकि वर्तमान समय में राज्य में आईएफएस अफसरों की कमी नहीं है, लेकिन अनुभव रखने और अच्छा प्रदर्शन करने वाले अफसरों को छोटे-छोटे वनमंडल की जिम्मेदारी सौंपकर खानापूर्ति कर दी गई है। वैसे अकबर राज में भी प्रभारी डीएफओ की परंपरा खासी प्रचलित थी। तब आईएफएस अफसरों को दरकिनार करते हुए प्रभारी डीएफओ बनाए जाते थे। क्यों बनाए जाते थे? इस पर फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन अब यह परंपरा फिर गति पकड़ने लगी है। कहते हैं कि वर्तमान कर्ता-धर्ता अकबर राज में प्रभारी डीएफओ बनाकर रिजल्ट अच्छा देते थे, उसी परंपरा को जीवित रखने फिर से पहल जारी कर दी गई है। दरअसल में इस वनमंडल के डीएफओ लंबे समय के लिए छुट्टी में है, ऐसे में पूरा वनमंडल एसडीओ के हवाले कर दिया गया है।

## अनिल और सुधीर की जोड़ी





कहते हैं कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। आईएफएस लॉबी में भी इन दिनों कुछ ऐसा ही दिखाई दे रहा है। दरअसल में वर्तमान वनबल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सात अफसरों को सुपरसीट करके वनबल प्रमुख बनाया था। इस दौरान सबसे सीनियर आईएफएस अफसर सुधीर अग्रवाल ने श्रीनिवास राव का खूब विरोध किया। सुधीर इस फैसले के खिलाफ कैट तक गए, अब वह हाईकोर्ट की शरण में पहुंच गए हैं। कुल मिलाकर सुधीर अग्रवाल और श्रीनिवास राव की लड़ाई अभी भी जारी है। इस बीच कभी वनबल प्रमुख की रेस में रहे अनिल साहू का सुधीर को अच्छा खासा सपोर्ट मिल रहा है। कहते हैं कि अनिल भी श्रीनिवास राव के प्रतिद्वंदियों में से एक हैं। अब देखना यह है कि सुधीर और अनिल की जोड़ी क्या गुल खिलाती है।

## हताश-निराश अजय



मानसून सत्र में अजय चंन्द्राकर का परफारमेन्स अब तक में सबसे निराशाजनक दिखाई दिया। यह बात अलग है कि सत्र के समापन के दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अजय का मनोबल बढ़ाने के लिए यह जरुर कहा कि अजय सबसे जादा सचेत रहे। पर वास्तव में इस बार अजय चंन्द्राकर का परफॉर्मेंस अब तक में से सबसे निराशाजनक रहा। दरअसल में अजय खुद भी निराश और हताश नजर आये। ऐसे में परफॉर्मेंस का निराशाजनक होना स्वाभाविक है। अजय, बृजमोहन और शिवरतन के सदन में मौजूद रहते 14 सदस्यों की संख्या भी 44 नजर आती थी। कहने का आशय यह है कि कांग्रेस 68 सदस्यों के रिकार्ड बहुमत के साथ बीते पांच साल सत्ता में रही, लेकिन विधानसभा सत्र के दौरान अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा जिस तरह से सत्ता पक्ष को घेरते थे, ऐसा लगता था कि भाजपा सदस्यों की संख्या 14 नहीं बल्कि 44 है। क्या यह वहीं अजय चन्द्राकर हैं? जो सदन के अन्दर कभी यह महसूस ही नहीं होने दिए कि भाजपा महज 14 सदस्यों के साथ विपक्ष की भूमिका निभा रही है। नियम-परंपराओं के साथ अजय के तेवर देखते ही बनता था, जो इस बार नहीं दिखा। अपनी भी बात अजय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष इस बार दमदारीपूर्वक नहीं रख पाये। शायद इसी कारण अजय के सदन में मौजूद रहते हुए भी मानसून सत्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुरी तरह घिरते नजर आये, लेकिन अजय खामोश बैठे रहे? कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इस सत्र में अजय चंद्राकर की हताशा और निराशा साफ नजर आई।

## ओपी ने बदली परंपरा?



वैसे तो इस बार विपक्ष को बहुत कुछ करने की जरुरत नहीं पड़ी, भाजपा सदस्यों ने ही अपनी सरकार को जमकर घेरने का काम किया। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बुरी तरह घेरते नजर आये। वहीं धरमजीत सिंह ने भी राजस्व मंत्री को घेरने में कोई कोताही नहीं बरती। लेकिन इस बीच वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नई परंपरा स्थापित कर दी। दरअसल में भाजपा विधायक धरमजीत के सवालों में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुरी तरह से घिर गए, वह धरमजीत के सवालों का जबाब नहीं दे पा रहे थे। इस दौरान बगल की सीट में बैठे वित्त मंत्री ओपी चौधरी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की जगह जबाव देने खड़े हो गए। मुख्यमंत्री के सदन में मौजूद रहने के बावजूद भी ओपी चौधरी मंत्री टंकराम वर्मा की जगह जबाव देते नजर आये। हालांकि इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टोका-टाकी भी की। भूपेश ने कहा कि अब तक यह परंपरा रही है कि यदि विभागीय मंत्री जबाब नहीं दे पाते तो, मुख्यमंत्री स्वयं उस पर जबाब देते रहे हैं। लेकिन इस बार एक मंत्री दूसरे मंत्री का जबाव दे रहा है, यह नई परंपरा है। कुल मिलाकर ओपी ने परंपरा बदल दी ?

## बिन मौसम बेर कहां से लाए



यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि महंत एक चतुर राजनेता हैं। महंत सहज रुप से भी बड़ी बातें कह जाते हैं, और किसी को भनक भी नहीं लगती। दरअसल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरे मंत्रिमंडल के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया में खबरें आयी कि सीएम साय प्रभु श्रीराम के लिए शिवरीनारायण से बेर लेकर गए हैं। महंत तो महंत हैं वह विधानसभा में सहज रुप से पूछ बैठे कि **''बिन मौसम बेर कहां से लाए''**। महंत ने यह भी कहा कि हम लोग भी प्रभु श्रीराम के दर्शन करना चाहते हैं, अगली बार जाएं तो हमें भी प्लेन से ले चलें। हालांकि महंत ने इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया। लेकिन उन्होंने इशारे- इशारे में यह बता दिया कि हमारी आप पर तगड़ी नजर है।

## पायलट, बैज, महंत की तिकड़ी और शैलेश की रणनीति



सत्ता गंवाने के बाद से अचेत अवस्था में पड़ी कांग्रेस सात माह बाद पहली बार सड़क पर उतरी, कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस ने विधानसभा का घेराव किया। भरी बारिश में भी कांग्रेसी एकजुट नजर आये। दरअसल में इस आंदोलन को सफल बनाने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने संचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी को अघोषित रुप से मैदान में झोंक रखा था। पायलट के निर्देश पर शैलेश नितिन त्रिवेदी बराबर रणनीति पर काम करते रहे। बारिश में भी आंदोलन में अच्छी खासी भीड़ जुट गई। कांग्रेस के अन्दरखाने में इस आंदोलन को सफल माना जा रहा है। आंदोलन के बाद से पायलट, महंत और बैज की तिकड़ी चल पड़ी है। इस तिकड़ी में शैलेश की भूमिका अहम मानी जा रही है। वैसे भी शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व के सभी अध्यक्षों चाहे वह कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत हों या प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका निभाने वाले भूपेश हों, मोहन मरकाम हों, या फिर दीपक बैज हों सबके साथ शैलेश पूर्व में भी सेतू का काम करते रहे हैं। अब शैलेश एक बार पायलट का भी भरोसा जीतने में कामयाब होते दिख रहे हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक गलियारों में यह कहा जाने लगा है कि पायलट, बैज, महंत की तिकड़ी और शैलेश की रणनीति चल पड़ी है।

editor.pioneerraipur@gmail.com


# विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने केन्द्रीय बजट से मिलेगी मदद

## केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने केंद्रीय बजट पर व्यक्त किए विचार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार का आम बजट जनहितकारी है। यह सभी वर्गों के कल्याण के लिए बनाया गया है, इससे विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में काम करने में मदद मिलेगी। यह बात केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कही।

उन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाले सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा नेतृत्व में हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में जरुर सफल होंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ मांडविया ने कहा कि बजट सरकार की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। इस बजट से जनहितकारी तथा समावेशी विकास का लक्ष्य साकार होते दिखता है। उन्होंने देश के किसान, युवा, गरीब और महिला वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी और कहा कि इन वर्गों के विकास से ही हमारा देश विश्व पटल में अग्रणी देश के रूप में उभर कर सामने आएगा। डॉ. मांडविया ने केंद्रीय बजट संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय बजट की कई प्रमुख खूबियों को प्रकाश में लाया। उन्होंने बजट को विकासात्मक और समावेशी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्टक्चर, और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बड़े निवेश की बात की गई है। इसके अलावा, बजट में छोटे व्यवसायों और उद्यमियों के लिए प्रोत्साहन, टैक्स में राहत, और समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष योजनाओं की घोषणाएं भी



की गई हैं। यह बजट सरकार की समग्र विकास की दिशा और आर्थिक सुधारों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. मनसुख मांडविया ने केंद्रीय बजट के बारे में बताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विकास के सरोकारों को लेकर कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, नए अस्पतालों और क्लिनिकों की स्थापना, और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष राशि आबंटित की गई है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए भी फंडिंग बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई योजनाएं प्रस्तुत की गई हैं। इनमें नए स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना, शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, और डिजिटल शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बनाने के प्रयास शामिल हैं। डॉ मांडविया ने कहा कि बजट में सड़क, रेलवे और एयरपोर्ट जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की गई है। इससे यातायात की सुविधा बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और कृषि सुधारों पर बजट में दिए गए जोर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बजट में सिंचाई परियोजनाओं, कृषि यांत्रिकीकरण, और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के लिए खास तौर पर धन आवंटित किया गया है। मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि डिजिटल वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देने और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनाई गई हैं। इसमें डिजिटल भुगतान प्रणाली को मजबूत करना और गरीब वर्गों के लिए वित्तीय सेवाओं की पहुंच को आसान बनाना शामिल है। इसी तरह बजट में वित्तीय प्रबंधन को सुधारने और टैक्स सिस्टम को सरल बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इसमें टैक्स में छूट और कर नियमों में सुधार शामिल हैं ताकि करदाताओं को राहत मिले और व्यवस्था अधिक पारदर्शी हो सके। उन्होंने बताया कि इन सभी सुधारों से सरकार की आर्थिक विकास की दिशा और प्राथमिकता स्पष्ट होती है।

# छत्तीसगढ़ में जनता के हक की रक्षा के लिए कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के रूप में है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि पिछले पांच दिन राज्य की राजनीति के लिये तथा राज्य की जनता के लिये महत्वपूर्ण रहे। 22 जुलाई से राज्य की विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ जो कल ही समाप्त हुआ। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता के हक की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ा। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ, किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के अधिकारों को हमारे विधायकों ने विधानसभा के अंदर सरकार को आईना दिखाया। जनता की आवाज को बुलंद करने के लिये कांग्रेस पार्टी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव किया। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था रोज-रोज हो रही लूट, डकैती, बलात्कार, हत्याओं की घटनाओं से प्रदेश में एक डर का माहौल बन गया है। हमारे विधानसभा घेराव के बाद जनता में एक भरोसा पैदा हुआ कि हमारी लड़ाई लड़ने के लिये मजबूत विपक्ष है। विधानसभा घेराव में बरसते पानी के बावजूद हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुये। सरकार कांग्रेस के प्रदर्शन की तैयारी से इतना ज्यादा घबराई हुई थी, पूरी राजधानी को सील कर दिया गया था। हमारे हजारों साथियों को रास्ते में रोक दिया गया। बिलासपुर की ओर से आने वालों को धरसींवा में रोक दिया गया, उनके वाहनों को किनारे खड़ा करवा दिया गया। महासमुंद की ओर से आने वालों को महासमुंद में रोका गया। जगदलपुर, धमतरी से आने वालों को अभनपुर में रोका गया। राजनांदगांव, दुर्ग से आने वालों को कुम्हारी से आगे नहीं आने दिया गया। राजधानी में वाहनों की पार्किंग कार्यक्रम स्थल से 10 कि.मी. दूर बनाया गया था ताकि कम से कम लोग घेराव स्थल मंडी गेट तक पहुंच सके। सरकार के तमाम अवरोध और बरसते पानी के बावजूद हमारा कार्यक्रम सफल रहा। हजारों साथियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, वाटर कैनन से प्रहार किया। हमारे अनेकों साथी घायल भी हुये, लेकिन इस दमन से हमारा हौसला और मजबूत हुआ। हम मजबूत विपक्ष के रूप में सरकार की जनविरोधी नीति के खिलाफ जनता के हित में अपना संघर्ष इस आताताई सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रखेंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की समाप्ति पर सभी को धन्यवाद किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदन की समाप्ति पर सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से सदन का पावस सत्र की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से उन सदस्यों की सराहना की, जिन्होंने अपनी महत्वपूर्ण बातें रखी और विधायकों के बीच स्वस्थ चर्चा और विचार-विमर्श को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के सभी कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन किया और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विधानसभा अध्यक्ष ने इस सत्र के दौरान पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों और प्रस्तावों का भी उल्लेख किया और कहा कि ये विधेयक राज्य के विकास और जनहित में महत्वपूर्ण साबित होंगे। अंत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए सदन के पावस सत्र की समाप्ति की घोषणा की और कहा कि वह भविष्य में भी सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

### रायपुर केन्द्रीय जेल में अध्यात्म के माध्यम से बंदियों के मनोदशा में सुधार के प्रयास

**रायपुर।** रायपुर स्थित केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान हेतु लगभग 60 बंदियों की रामायण मंडली बनाई गई है। मंडली द्वारा विभिन्न बैरकों में प्रत्येक त्यौहारों के अवसर पर रामायण का पाठ तथा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा तथा प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ कराया जा रहा है। रामायण मंडली के मुख्य गायक आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी बोधन पिता रघुनाथ ने बताया कि वह जब भी पेरोल पर घर जाता है। वह गांव में रामायण मंडली में शामिल होता है तो उसके गांव वाले भी आश्चर्यचकित हो जाते है और कहते है कि, जेल एक जेल न रहकर सुधारगृह में परिवर्तित हो गया है। गांव वाले भी उससे बोलते हैं कि इतना अच्छा रामायण आप जेल में रहकर सीख लिये हो यह तो अद्भुत है। उसने अपने गांव दियागढ़ थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ में भी रामायण मंडली का गठन किया है। इसी प्रकार प्रतिदिन गीता सीखने वाले व रामायण के टीका करने वाले आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी चक्रधर पिता बंशीधर ने बताया कि वह प्रतिदिन आध्यात्म ही उसके जीवन का आधार है, वह परमात्मा को अपना सब कुछ सौंप चुका है।



# अमरावती में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

## शिविर में 216 आवेदन प्राप्त, 94 आवेदनों का तत्काल निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम अमरावती में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 216 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 94 आवेदनों का निराकरण तत्काल शिविर में किया गया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्ष मोतीबाई नेताम ने अमरावती में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि, यहां समूचा जिला प्रशासन मौजूद है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज यहां शिविर का आयोजन किया गया है व यहां प्राप्त आवेदनों के शिविर स्थल में ही निराकरण का प्रयास किया जाएगा। जनता द्वारा बताई गई जिन समस्याओं का निराकरण यहां नहीं हो पाया है, उनके त्वरित निराकरण के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि, इन आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा व प्रत्येक प्रकरण के निराकरण की निगरानी की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि, क्षेत्र की जनता द्वारा एंबुलेंस की मांग रखी गई है। जिला प्रशासन द्वारा 6 नए एंबुलेंस क्रय करने की प्रक्रिया की जा रही है और आगामी एक माह में नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि, नए एंबुलेंस के क्रय करने तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि, कुपोषण एवं एनीमिया के दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुपोषण का प्रभाव केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास पर भी होता है। कुपोषण को दूर करने के लिए रेडी टू ईट और टेक होम राशन योजना संचालित है। उन्होंने इन योजनाओं का सदुपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि, इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायता मिलेगी। कलेक्टर दुदावत ने इस अवसर पर ग्रामीणों को उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत लोगों को साक्षर बनाने की शपथ भी दिलाई। राज्य शासन द्वारा वन अधिकार पट्टों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रावधानों से अवगत कराते हुए कहा कि, फौती नामांतरण हेतु परिक्षेत्र अधिकारी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें। इससे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। शिविरस्थल में खाद्य विभाग द्वारा 43 आवेदनों का निराकरण किया गया, जिनमें 22 नए राशन कार्ड बनाए गए, वहीं 21 कार्डों में नए सदस्यों के नाम जोड़े गए। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा 50 मरीजों का उपचार किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा 2 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर दिया गया। इस अवसर पर चार शिशुओं का अन्नप्राशन तथा 2 गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई।

**हितग्राहीमूलक सामग्री का किया गया वितरण** – इसके साथ ही यहां इस अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 42 हितग्राहियों को श्रमिक पंजीयन कार्ड, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 15 पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को 28 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी योजना के तहत 12 हितग्राहियों को 2 लाख 40 हजार रुपए प्रदान किए गए। इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा राज्य पोषित योजनांतर्गत सामुदायिक फेंसिंग हेतु तीन प्रकरणों में 6 हितग्राहियों को 2 लाख 17 हजार 940 रुपए की अनुदान राशि, खाद्य विभाग द्वारा 29 नए राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को किसान पुस्तिका, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा मत्स्य पालन हेतु 4 हितग्राहियों को राशि स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को बैसाखी, छड़ी एवं व्हील चेयर प्रदान किया गया। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा यहां आम, आंवला, अमरुद, काजू, कटहल, इमली के 200 पौधे भी वितरित किए गए।

**एक पेड़ मां के नाम पर किया गया वृक्षारोपण** – जनसमस्या निवारण शिविर स्थल में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। यहां आम, अमरुद, काजू आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष गौतम साहू, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, रमीला देवांगन, जनपद पंचायत सदस्य सुदर बघेल, भिंगुराम कश्यप, मंगली पोयाम, वन विभाग के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# किरन्दुल एनएमडीसी सीजीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में आई बाढ़ में सैकड़ों परिवार को नुकसान हुआ। जिसके बाद से शासन प्रशासन और एनएमडीसी प्रबन्धन दिन रात कार्य में लगकर स्थिति को सामान्य बनाने में जुटे हुए हैं।इस बीच शुक्रवार को एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सुभाष नगर बंगाली कैम्प का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया गया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को पूर्ण रूप से सहायता सहायता प्रदान करने व पीड़ितों को कितना नुकसान हुआ हैं उसका मुआवज़ा देने तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।सीजीएम ने बताया कि प्रशासन के सहयोग व सहमति से एनएमडीसी प्रबन्धन के अधिकारी कर्मचारी दिन रात राहत व बचाव कार्य में लगे हुए हैं तथा पीड़ितों को हुई क्षति का अवलोकन किया जा रहा हैं जिसके अनुसार मुआवजा राशि दी जाएगी।

# अवैध रूप से मवेशी के तस्करी करने वाले पर हुई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय निर्देश से थाना में 26 जुलाई को मुखबीर के सूचना पर ग्राम वनरायण्ड में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही में 63 व्यक्ति जिनका नाम पूछने पर दुर्जन विश्वकर्ता, लखेश्वर मरकाम, राजू विश्वकर्मा के कब्जे से 3 जैसी, 9 नग भैसा, 13 नग बैल मिला पूछताछ करने पर बताये कि, आसपास के गाव से कृषि हेतु किसानों से जानवर खरीदते हैं और उड़िसा बार्डर में अन्य कोचिंया को कटनी के लिए बेचा जाता हैं बताने पर विधिवत् आरोपियों के खिलाफ अपराध 45/24 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम 1960 कायम कर विवेचना में लिया गया है सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जाता है।

# बैंकर्स प्रशिक्षण में स्व सहायता समूहों के सदस्यों को दी गई बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 26 जुलाई को जिला पंचायत कोंडागांव के सभा कक्ष में आयोजन किया गया। इसमें श्रीजी.बी. भुइंया, जितेन्द्र यादव नेशनल रिसोर्स पर्सन, गोकुल कुमार साहू, मैनेजर राज्य कार्यालय मास्टर टेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधक व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एफआई., टीएसए मैनेजर, समस्त जनपद पंचायतों के विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वय, बैंक सखी, एफएल.सी.आर.पी. उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित हुए रहें।

इस कार्यशाला में स्व सहायता समूह को लोन प्रदान करने की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन, सामुदायिक आधारित ऋण वापसी तंत्र (सीबीआरएम) समिति गठन प्रक्रिया एवं कार्य आर.एफ, सी.आई.एफ, बैंक लीकेज, बीमा, पेंषन, मुद्रा लोन, समूहों को दोहरी प्रमाणीकरण, बीसी सखी के संबंध समस्त जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्य एवं आवश्यकता के बारे में बैंक मैंनेजर के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बीसी के माध्यम से डिजिटल लेनदेन की ग्रामीण स्तर पर घर पहुंच सेवा प्रदाय करने एवं अच्छे से कार्य करने हेतु प्रेरित करते बैंक से जुड़ी समस्त जानकारी दी गई।

## वन अपराधों के खिलाफ जारी है मुहिम, अवैध गतिविधियों पर हो रही हैं तेज कार्यवाही

**कोंडागांव।** कोंडागांव वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेन्द्र कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार वन परिक्षेत्र मुलमुला अंतर्गत परिसर मुलमुला के परिसर रक्षक के वन भ्रमण के दौरान वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 539 चाचीबेडा में अतिक्रमण कर हल जुताई एवं फसल बोया जा रहा था। जिसे परिसर रक्षक के द्वारा रोका गया और वन अपराधी समदू मुलमुला निवासी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर लोक सम्पति क्षति निवारण अधिनियम 1984 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वन परिक्षेत्र मुलमुला के वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा परिक्षेत्र सहायक एवं परिसर रक्षकों के साथ सामूहिक रूप से वनों का सतत भ्रमण किया जा रहा हैं। वनों में कोई वन अपराध किया जा रहा हैं और तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवकों व शिक्षकों ने आयोजित किया गया एक विशेष कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्राचार्य राजेंद्र पांडेय और एनएसएस अधिकारी गोविंदराज नायडू के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मसोरा में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को ऑपरेशन विजय पर वीडियो डॉक्यूमेंट्री दिखाकर देश प्रेम और वीरता की दास्तां सुनाई। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय सेना की वीरता और शौर्य का गुणगान किया। कार्यक्रम में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने का प्रयास किया गया। स्वयंसेवकों ने युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, युवाओं में देशभक्ति और सेवाभाव को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम मे समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्तिथ रहे।

# राकसनाला पिकेट के पास दो नाबालिग बालिका भटकी, पुलिस ने सुरक्षित परिजनों को सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राकसनाला पिकेट के पास लगभग बजे एक महिला दो छोटी लड़कियों के साथ पहुंची। लड़कियों की पहचान मौशी (उम्र 10 वर्ष) और मनाई (उम्र 12 वर्ष) के रूप में हुई, जो बारसूर की निवासी थीं। महिला ने पुलिस को बताया कि, दोनों लड़कियां कन्या आश्रम ओरछा से आई थी और रास्ता भटक गई थीं। लड़कियां काफी परेशान और डरी हुई लग रही थीं। पिकेट पर तैनात सीजीपी आरक्षक को बुलाया गया और दोनों लड़कियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि, वे बिना किसी को बताए हॉस्टल से निकल आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, इन्सपेक्टर अनिल तोमर ने कन्या आश्रम ओरछा से संपर्क किया। उन्होंने लड़कियों के परिजनों से भी संपर्क स्थापित किया और उन्हें इस घटना की जानकारी दी। कुछ समय बाद, लड़कियों के परिजन पिकेट पर पहुंचे। पुलिस ने सुनिश्चित किया कि, लड़कियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाए। इसके बाद, परिजन लड़कियों को अपने साथ लेकर अपने गृहनगर बारसूर के लिए रवाना हो गए।

# माओवादियों के लगाए आईईडी चपेट में आया 10 वर्षीय बालक

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पीड़िया मुरूमपारा के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आई ई डी की चपेट में आने से 10 साल का बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मुतवेंडी के पटेलपारा निवासी बालक हिड़मा कवासी पिता बामन कवासी उम्र 10 वर्ष बकरी चराने जंगल गया हुआ था जहा पीड़िया मुरूमपारा के पास लगभग 02.30 बजे माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बालक के हाथ एवं पैर में गंभीर चोट आई, गंभीर रूप से घायल हिडमा को मुतवेंडी केरिपु बल कैम्प में प्राथमिक चिकित्सा उपरान्त, जिला अस्पताल बीजापुर के लिये रवाना किया गया है ।

## यातायात नियमों तथा गुड टच व बैड टच की जानकारी देने जागरूकता अभियान चलाया गया


# स्कूली बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अंतर्गत अनंतपुर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को तीन नवीन कानून, महिलाओं की सुरक्षा, गुड टच बैड टच, यातायात नियमों का पालन, सायबर क्राइम के रोकथाम व नशा मुक्ति की जानकारी प्रदान की गई। थाना अनंतपुर में पुलिस द्वारा गुमड़ी गांव में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक विद्यालय में पड़ने वाले बच्चों को यातायात नियमो तथा गुड टच व बैड टच की जानकारी देने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षिक अखिलेश धीवर से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन एवं रूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में प्रधान आर. भावेश मंडावी, आरक्षक लक्ष्मी बघेल,चेतन मरकाम द्वारा प्राथमिक स्कूल और शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुमडी में शिक्षा सप्ताह के अवसर पर स्कूल के लगभग 50 से 60 छात्र-छात्राओं और स्कूल के शिक्षक को, 1 जुलाई 2024 से लागू हुए 3 नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में,यातायात संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया साथ ही पैदल, मोटर साइकिल व कार में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नही करने एवं यातायात नियमों का पालन करने और मौत के कारणों में हेलमेट व सौटबेल्ट सहित अन्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं छात्र छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दिया गया। मोबाइल में किसी अनजान व्यक्ति का फोन नही उठाना, किसी अनजान को नंबर न देना, ऑनलाइन गेम नहीं खेलना, घर से स्कूल आने में किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो तो सूचना देना और वर्तमान में होने वाले अपराध के बारे में बारीकी से जानकारी दिया गया।

# शिक्षा सप्ताह पर वनमंत्री केदार कश्यप के क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 22 से 28 जुलाई तक घोषित शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर कुणाल दुदावत डीईओ आदित्य चांडक के निदेर्शानुसार उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में प्रधान अध्यापक पीएल नाग के मार्गदर्शन में बालसंसाद के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके प्रथम ज्स्ड दिवस में सभी शिक्षकों ने टीएलएम प्रदर्शित कर शिक्षिका ललिता समरथ और शिवचरण साहू के द्वारा टीएलएम के माध्यम से शिक्षा प्रदान किया गया।

दूसरे दिन एफएलन दिवस पर आरती बेर रंजीता तिग्गा द्वारा बच्चों के मौखिक एवं अभिव्यक्ति कौशल के प्रभावी विकास हेतु शून्य निवेश पर पोडियम का निर्माण किया गया। तीसरे दिन खेल दिवस में विविध पारंपरिक और स्थानीय खेल गतिविधि का आयोजन किया गया। दिन सांस्कृतिक दिवस पर बच्चों ने गीत कविता नृत्य का प्रदर्शन किया गया शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। तथा पांचवे दिन कौशल विकास व डिजिटल पहल दिवस में विद्यालय के बच्चों को दीक्षा ऐप का उपयोग ऑनलाइन स्टडी ऑनलाइन कैसलेस बैंकिंग वीडियो एडिटिंग डिजिटल साक्षरता प्रदान किया गया। और अंतिम छठे दिन मिशन लाइफ ईको क्लब दिवस पर बच्चों ने भारत के प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत स्थानीय विधायक व वन मंत्री केदार कश्यप के आवाहन पर पर्यावरण जलवायु सुरक्षा संदेश देते हुए सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालय परिसर के बाहर संरक्षण संकल्प के साथ बच्चों शिक्षकों और ग्रामीणों द्वारा मिलकर पौधारोपण किया गया।

# हजारों किसानो में से देवभोग में 6 मैनपुर 6 फिंगेश्वर 10 किसानों के बीमा से चिंतित अधिकारियों ने झोंकी ताकत




पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मौसम के साथ से निश्चित किसानो ने इस बार फसल बीमा से लगभग दूरी बना लिया है तभी बीते शुक्रवार के रिपोर्ट अनुसार देवभोग में 6 तो फिंगेश्वर 10 के साथ मैनपुर ब्लॉक 6 किसान का ही फसल हो पाया है जिसे देख अधिकारियो की हालत भी पतली दिखाई पड़ रही हैं क्योंकि पिछले वर्ष की तुलना इस बार 10त्न भी फसल बीमा नही हो पाया है जिसके मद्देनजर अब विभागीय अधिकारियों द्वारा गांव गांव में जागरूकता शिविर लगाकर किसानो को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है उल्लेखनीय हो की पहले फसल बीमा करवाना कंपलसरी रहा जिसे इस बार बदलकर ऑफ टाउन का सुविधा कर दिया मतलब किसान चाहे तो बीमा कराए चाहे तो ना कराए ऐसे में कुछ किसानो से पूछ पूछ कर सहकारी बैंक समितियों ने भी ऑफ टाउन करवा दिया ज्यादातर फिंगेश्वर में देखने को मिला है जबकि प्रति सिंचित हेक्टियर 1200 और असिंचित हेक्टीयर 900 रुपए का बीमा किया जाता है जिसका लाभ भी किसानो बीमा के तुलना काफी होने की बात कही जाती हैं बाबजूद इसके किसानो ने फसल बीमा से दूरी बना लिया है हालांकि इसका कारण विभाग द्वारा शुरुवाती दौर में रूचि नहीं देने को भी माना जाता है तभी निर्धारित समय बीतने को है और 30% किसानो का फसल बीमा नही हो पाया है इसके अलावा वर्तमान में फसल बीमा कछुए की चाल पर चल रहा है और निर्धारित तिथि बीतने मे कोई ज्यादा दिन भी नही बचा ऐसे विभागीय अधिकारियों के हाथ पांव भी फुले हुए है तभी गांव गांव में शिविर आयोजित कर किसानो से फसल बीमा करवाने के लिए खुसामत करनी पड़ रही है ।

### अधिकतर मोड़ पर फसल को खतरा की संभावना

अधिकारियों की माने तो किसानो के फसल पर अधिकतर खतरा की संभावना होती हैं फिलहाल तो ठीक ठाक बारिश हो रही लेकिन अगर आने वाले दिनों में अधिक बारिश होने या फिर बिल्कुल नही साथ कीड़ा सहित अन्य कारणों से फसल को अधिकतर मोड़ पर खतरा होता है और ऐसा पहले भी देखा गया है बकायादा किसान इससे वाकिफ है, मगर अफसोस की बात है की फसल बीमा को लेकर कोताई बरत रहे हैं जबकि बीते 8 तारीख से फसल बीमा काम चालू है मगर अभी भी फसल बीमा को लेकर किसान गंभीर नही हुए हैं शायद यही वजह है कि जिला के किसी भी ब्लॉक ने 100 आंकड़ा भी पार नही किया है जिसे देख सभी सख्ते में है। ऐका एक किसानो ने फसल बीमा से किस तरह दूरी बना लिया है हालांकि इसका प्रमुख कारण खेती किसानी के अनुरूप बरसात होने को भी माना जाता है तभी ज्यादातर किसान निश्चित होकर बैठे हैं।

### उपसंचालक ने संभाली है कमान

किसानो के फसल बीमा के आंकड़े से ब्लॉक एवं जिला के अधिकारी भी परेशान होकर गांव-गांव में शिविर आयोजित कर रहे है जिसकी कमान जिले के विभागीय मुखिया उपसंचालक चंदन रॉय ने संभाला। रॉय अपने स्टाफ के साथ ब्लॉक में किसानो से मुलाकात कर फसल बीमा करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी तर्ज़ पर शनिवार देवभोग के रोहनागुड़ा एवं झाखरपारा में आयोजित शिविर में शामिल होकर किसानो को अपने फसल का बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया हालांकि खेती किसानी का समय होने के चलते अधिकांश किसान आयोजित शिविर में शामिल नही हो पा रहें हैं।

## रासेयो के स्वयं सेवकों के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर किया वृक्षारोपण

### स्वयं सेवकों ने एक पेड़ शहीदों के नाम पर पेड लगाकर बनाई आकर्षक रंगोली



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा एक पेड़ शहीदों के नाम का वृक्षारोपण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली प्रांगण में किया गया तथा शहीदों की याद में आकर्षक रंगोली भी बनाया गया तथा उनकी वीरता की कहानी छात्र.छात्राओं को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू के द्वारा बताया गया । प्राचार्य एस रामटेके के द्वारा पंच प्रण का शपथ दिलाया गया एवं शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत टीएलएम का प्रदर्शन व उपयोग एफएलएन के क्रियान्वयन व जागरूकता, खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिजिटल कौशल को प्रोत्साहित करना, सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना,आदि कार्यक्रम एलएन साहू व्याख्याता धनंजय सोनकर द्वारा किया गया। इको क्लब के प्रभारी राकेश साहू द्वारा भी पौधारोपण व बागवानी का कार्य किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक गण व पालक गण जनप्रतिनिधियों ने भी सभी कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया।

## आराध्य की आराधना के योग्य बनाने वाला गुरु होता है: विशुद्ध सागर




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि अपनी आत्मा का आनंद लेने के लिए स्वयं को पहचानना आवश्यक है। स्वयं को जानकर स्वयं में ठहर जाना आत्मा के आनंद के लिए आवश्यक है। आराध्य की आराधना के योग्य बनाने वाला गुरु होता है। समझकर नासमझ बनने वाला वास्तव में नासमझ ही होता है जबकि समझकर समझदारी पूर्वक कार्य करने वाला समझदार होता है। किसी के विचारों को समझने के लिए हमें दिमाग का नहीं दिल का प्रयोग करना चाहिए। श्रावक के छह आवश्यक कर्तव्य है। पहला-जिनेन्द्र पूजा . परमात्मा के गुणों को देखकर उनके जैसे ही बनने का भाव होना चाहिए, दूसरा - गुरु की उपासना . परमात्मा बनने के लिए गुरु के निकट आना आवश्यक है। तीसरा. स्वाध्याय. प्रभु और गुरु को जब तक बराबर न कर ले तब तक स्वाध्याय नहीं हो सकत, चौथा. संयम. गुरु से प्राप्त स्वाध्याय के माध्यम से मर्यादा में रहना ही संयम है, पांचवा - तप - तप के साथ क्रिया आवश्यक है। क्रिया के माध्यम से परमात्मा को याद किया जाता है, छठवां - दान - दान देकर स्वयं का भला करना चाहिए। नहीं तो कर्मो का फल मिलकर ही रहता है। जैन दर्शन के अनुसार तीन प्रकार की तिथि होती है। पहला -अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमावस्या. ये तिथि चारित्र तिथि कहलाती है, दूसरा पंचमी और एकादशी ये तिथि ज्ञान की तिथि कहलाती है, तीसरा शेष तिथि ये तिथियां दर्शन की तिथि कहलाती है। जिस स्थान पर परमात्मा का जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण कल्याणक हुआ हो उस तीर्थ का स्पर्श करने से समकित दृढ़ होता है। श्रावक के 9 विशेष कर्तव्य होते है। पहला सामयिक सामयिक अर्थ समता की आय कराने वाला। हमारा मन उस बंदर की तरह है जो एक डाल से दूसरे डाल पर उछल कूद करते रहता है, जबकि सामायिक में मन को शांत और एकांत में करने का प्रयास करते है।

## शिक्षा सप्ताह के तहत जन-जन को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास

### मुढ़ैना संकुल में टीएलएम सहायक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शिक्षा सप्ताह के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की गतिविधियां छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक समझाने और जन-जन को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला मुदैना संकुल में प्रथम दिवस टीएलएम सहायक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन कर नियमित रूप से उनका प्रयोग कर पढ़ाना, द्वितीय ई-जादुई पिटारा व भौतिक जादुई पिटारा और खिलौना कार्नर पर प्रकाश डाला गया। बच्चों को भयमुक्त होकर बाल केंद्रीय पद्धति से पारिवारिक वातावरण प्रदान कर पढ़ाना और पालकों को ई-जादुई पिटारे की जानकारी दी। तृतीय दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया गया। खेल गतिविधि से शिक्षा का आयोजन कर विद्यालय की गतिविधियों को खेल-खेल में पढ़ाना प्रमुख उद्देश्य है। चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पंचम दिवस कौशल दिवस व तकनीक को शिक्षा से जोड़कर उसका उपयोग शैक्षिक जीवन में कर पाना



सिखाया गया। छटवें दिवस इको क्लब से जुड़कर जीवन को उद्देश्य पूर्ण बनाने का संदेश दिया। अंतिम दिवस सामुदायिक शिक्षा के प्रति सहभागिता को जिम्मेदारी से जोड़ा गया समुदाय को शिक्षा जगत से जोड़कर सामाजिक जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है ताक सभी एफएलएम के लक्ष्य 2026-27 तक पूर्ण कर साक्षर भारत के सपने को साकार कर सकें। इस अवसर प्रधान पाठक सरस्वती कुर्रे, सुनीता चक्रधारी, सुनील मिश्रा, घनश्याम बंजारे व समस्त स्कूली स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिला अध्यक्ष माखन के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भाजपा यूवा मोर्चा के दिशा निर्देश पर देवभोग के समीप करचिया पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप के नेतृत्व में कारगिल विजय को रजत जयंती के रूप में भव्य तरीके से मनाया गया इससे पहले बीते गुरुवार को शासकीय कन्या शाला से बच्चो के साथ तिंरगा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया उसके पश्चात आज करचिया में शहीद भोजराज टाडीलिय के स्मारक मे ज्योति जलाकर स्कूली बच्चों एवं जनमानस के साथ विजय दिवस मनाया गया। इस बीच शहीद के पिता और माता को शॉल श्रीफल के साथ प्रधानपाठक का सम्मान किया गया मौके पर दुष्यंत पात्र प्रमोद बीसी सूरज बीसी नारायण पारी निरंजन नागेश सरपंच प्रतिनिधि भोजराज मरकाम चैतन्य नायक सहित अन्य मौजुद रहें। इस बीच कार्यक्रम को संबोधित करते हैं भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि जवानों के साथ साथ वायु सेना और थल सेना के जवानों का साहास आज लोगो दिलो दिमाग में कायम है क्योंकि जिस तरह जवानों 3 माह तक पाकिस्तानियों से लोहा लेकर 527 जवानों की शहादत देते हमने 26 जुलाई को विजय हासिल किया मतलब इस महा युद्ध में जवानों ने जिस तरह दुश्मनो को प्रसात किया वह आज भी



यूवाओ को सिखाया और बताने के काबिल है ताकि वही जोश जुनून के साथ युवा सेना भर्ती में भूमिका निभाए जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने यह भी शहीद जवानों का जज़्बा और देश के दिए शहादात को गांव गांव घर घर पहुंचकर शहीदों सच्ची श्रद्धांजलि देने का यह दिन अनेक गांव में हो रही है लेकिन जिस तरह देवभोग के स्कूली एवं आम जनमानस के साथ पार्टी कार्यकर्त्ता साथ रहे वह काफी सरनीय हैं क्योंकि ऐसे ऐसे विजय दिवस मानने पर युवाओं जज्बा पहले की तुलना और भी अधिक देखा जाता है इसके अलावा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन करने के लिए सबको अवसर भी प्राप्त होता है।

## महापौर के खिलाफ आमापारा पार्षद ने सुभाषनगर वार्डवासियों के साथ शिविर में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम द्वारा राज्य सरकार के निर्देश पर 27 तारीख से पूरे 40 वार्ड में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया है जिसमें पहला अनोखा आवेदन देवांगन भवन नागदेव मंदिर के पास विजय मोटवानी आमापारा पार्षद द्वारा सुभाषनगर वार्डवासियों के साथ शिविर प्रभारी अधिकारी उपायुक्त सार्वा तथा



कार्यपालन अभियंता जगत को सौंपा। ज्ञात रहें कि मोटवानी ने कांग्रेस शासित निगम कार्यकाल मे विपक्ष की ओर से निगम में व्याप्त कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार तथा अनैतिक कार्यों के मुखर विरोध करते हुए विपक्ष की बागडोर संभाले थे, जो फिर आवाज बुलंद किए है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस शासित निगम सत्ता के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए वहां के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि महापौर पर हमला बोलते हुए जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचकर पहला आवेदन निगम के माध्यम से आम जनता की ओर से देते हुए आगामी निगम चुनाव का बिगुल विपक्ष की ओर से बजा दिया है, मोटवानी ने आगे कहा है कि 4 साल नगर निगम को दोनों हाथों से लूटने वाले लोग ही वर्तमान समय में सबसे बड़े जन समस्या हैं पहले तो उन्हें ही हटा कर बोरिया बिस्तर बांधना है तभी धमतरी शहर का एवं आम जनता का विकास पूर्व के 138 वर्षो की तरह फिर से हो सकेगा, इसके लिए स्वयं जनता आतुर बैठी है, उन्होंने आगे कहा है कि बीते विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में धमतरी शहर का चुनावी ऐतिहासिक परिणाम यह बताता है कि आगामी नवंबर दिसंबर में संभावित निगम चुनाव में एक और ऐतिहासिक रिकार्ड जीत दर्ज करते हुए भारतीय जनता पार्टी को फिर से निगम सरकार का बागडोर जनता सौपकर शहर विकास के भाजपा के कारंवा को अग्रसर करेगी। पहले जन समस्या आवेदन देने वालों में रितिका यादव, भीष्म निषाद, देवेन्द्र साहू, कुलेश सोनी सहित सुभाष नगर, लालबगीचा वार्डवासियों द्वारा दिया गया है।

## गेहूं उत्पादक किसानों को नहीं मिली बीमा की राशि

### रोहिना, बिछिया, दुलारपाली के किसानों ने बीमा राशि पाने कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्राकृतिक आपदा के समय फसल को आर्थिक सुरक्षा मिलने के आश्वासन के बाद किसानों ने बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन में गेहूं फसल का बीमा कराया था। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फसल बीमा के फायदे खूब बताए थे मगर बीमा मिलने की बारी आई तो हर कोई हाथ खड़ा कर दे रहा है। किसानों ने बीमा की मांग को लेकर दर-दर की ठोकरे खाते फिर रहे हैं। बिछियां, रोहिना, दुलारपाली के दर्जनों किसानों ने लिखित में कलेक्टर महासमुंद, उपसंचालक कृषि महासमुंद एवं क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी को तत्काल फसल बीमा का लाभ दिलाए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बसना विखं के ग्राम बिछिया, गोहेदादर, भैंसाखुरी, गौरटेक, दलदली, पैंता, मोहका, गिधापाली, करनापाली, रोहिना, संतपाली, कापुडीह, दुलारपाली को गेहूं फसल के लिए अधिसूचित किया गया था। इन गांवों के किसानों ने बड़े पैमाने पर गेहूं की फसल ली थी। रोहिना में करीब 3 सौ एकड़, कापुडीह में करीब एक सौ एकड़, बिछिया में करीब 350 एकड़, दुलारपाली में 85 एकड़ गेहूं की फसल ली गई थी। फसल जब पकने की स्थिति में थी उस समय क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई। जिससे फसल को जबरदस्त नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से फसल खराब होने की सूचना तत्काल राजस्व, कृषि विभाग एवं फसल बीमा कंपनी को दी गई थी। राजस्व विभाग द्वारा पटवारी आर आई को भेज कर फसल क्षति का आकलन भी कराया गया तथा मुआवजा के लिए आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण भी तैयार किया गया जिसकी राशि अभी तक किसानों को प्राप्त नहीं हुई है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रोहिना में 30.03.2024 को फसल कटाई प्रयोग किया गया था जिसमें प्रयोग क्रमांक 1 में 1.525 किग्रा प्रयोग- 2 में 1.075 किग्रा प्रयोग-3 में 1.485 किग्रा प्रयोग-4 में 1.175 किलोग्राम दर्ज किया गया है। औसत उपज 514.44 किग्रा हुआ है। इसी तरह बिछिया का औसत 872.6 किग्रा कापुडीह का 652.68 किग्रा, दुलारपाली का 927.36 किग्रा उपज होने के बावजूद भी इन गांव के किसानों फसल बीमा की राशि क्यों नहीं मिल पा रही है समझ से परे है। किसानों ने बताया कि पिछले 20 मार्च को अचानक हुई ओलावृष्टि से पक कर तैयार गेहूं की खड़ी फसल को जबरदस्त नुकसान पहुंचा था। किसानों ने बर्बाद हुए फसल को देखकर माथा पकड़ लिए थे। मुआवजा एवं फसल बीमा मिलने कि आस में शासन की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं।

## कलेक्टर ने प्रभावितों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिलें में लगातार हो रही बारिश एवं सिमगा विकासखंड अंतर्गत देवरीडीह जलाशय के टूटने से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी ग्राम दरचूरा पहुंचे। उन्होंने टूटे हुए जलाशय स्थल का अवलोकन कर एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इसके भराव तथा सुधार कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए है। इस दौरान कलेक्टर सोनी ग्राम गणेशपुर भी पहुंचे उन्होंने सामुदायिक भवन में बनाएं गए अस्थायी राहत शिविर में पहुंचकर प्रभावित व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने सभी से कहा की घबराने की कोई जरूरत नही है जिला प्रशासन आप सब के मदद के 24 घंटे तैयार। आपके रहने, खाने और स्वास्थ्य की पूरी देखरेख हमारी टीम द्वारा की जाएगी। इस दौरान एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के आला अधिकारियों से चर्चा कर विस्तृत बचाव संबधित विस्तृत जानकारी लिए है। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को लगातार फील्ड एवं सतर्क रहने की हिदायत दी है। राजस्व अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर क्षति आंकलन रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए है।

### जिला अधिकारियों को निर्देश

इसके साथ ही कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अधिकारियों को अलग से निर्देश दिए है जिसके तहत जहां पर भी जलभराव होने के कारण लोगों को शिफ्ट करने की आवश्यकता वहा पर तत्काल शिफ्ट कराएं इस कार्य में लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए है। जहां पर भी शिफ्टिंग हो रही है वहां स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखें और स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाई जाए ताकि लोगों में कोई बीमारी ना फैले इसका विशेष ध्यान रखने कहा है। जनपद सीईओ को चलित शौचालय,खाद्य विभाग को भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिन क्षेत्रों अधिक जलभराव हो रहा है उसके समीपस्थ नगरी निकाय से पानी के टैंकर उपलब्ध कराने सभी सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही आश्रय स्थल पर सभी लोग पेयजल हेतु पानी उबालकर ही पीने के निर्देश दिए है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में पशु विभाग की टीम तैनात कर पशुओं की स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए है। उक्त प्रभावित क्षेत्र की स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को आगामी तीन दिवस तक बंद करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए है।

## सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल/लवन
www.dailypioneer.com




सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के आयुध फेक्ट्री जबलपुर से सेवानिवृत सामरथ साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू,विशेष अतिथि के रूप में पूर्व व्यवस्थापक एस के मिश्रा,प्राचार्य जयलाल मिश्रा उपस्थित रहे।अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती, ? एवं भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विद्यालय परिवार द्वारा सामरथ साहू जी का शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व व्यवस्थापक एस के मिश्रा ने कहा कि सन 1947 से अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच तीन युद्ध हो चुके है,जिसमे भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस से भारत को विजय मिली है। इसी क्रम में मई 1999 में भारत की सीमा में कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने कब्जा करने का प्रयास किया,लेकिन तत्कालीन सरकार के निर्देशन में भारत के साहसी सैनिकों ने उनके मनसूबों पर पानी फेर दिया।और आज के दिन हमें विजय मिली। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सामरथ साहू ने कहा कि जब कारगिल का युद्ध चल रहा था उस समय मैं जबलपुर के आयुध फैक्ट्री के उस विभाग में काम करता था ,जहां बारूद आदि के सेल का निर्माण होता था अर्थात् कारगिल के विजय में मेरी भी सहभागिता रही है।आज इस कार्यक्रम के माध्यम से कारगिल युद्ध में अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कार्यक्रम में अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू,बालकृष्ण तिवारी, योगेश साहू, योगेश जायसवाल ने भी अपने विचार रखे।विद्यालय के प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जिले में अब तक 530 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज, सिमगा में सर्वाधिक

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2024 से अब तक 530 मिलीमीटर औसत दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा सिमगा तहसील में 753 मिलीमीटर हुई। तहसील लवन 594 मिली, भाटापारा 587 मिली, सुहेला 543 मिली, बलौदाबाजार 503.5 मिली, कसडोल 486.4 मिली, पलारी 473.7 मिली, टुण्डरा 416.5 मिली एवं सोनाखान 412.50 मिली सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। जिसकी औसत वर्षा 530 मिमी है। इसी तरह 26 जुलाई को 89.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले के तहसीलवार वर्षा सिमगा 165 मिली, भाटापारा 180 मिली, लवन 91.3 मिली, कसडोल 74.3 मिली, सुहेला 70 मिली, सोनाखान 62 मिली, बलौदाबाजार 58 मिली, पलारी 53.3 मिली एवं टुण्डरा 48.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

## खरोरा पुरानी बस्ती में शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

मां महामाया की नगरी नगर खरोरा का वैभव निश्चित ही दैवीय है, मां शीतला और मां करिया दामा का आशिर्वाद नगरवासियों पर सदैव रहा है इसी कड़ी में मां महामाया वार्ड के भैरव मंदिर प्रांगण में सावन के प्रथम सोमवार से शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। पुरानी बस्ती की महिला समूहों द्वारा यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जहां छत्तीसगढ़ी राजभाषा में प्रदेश के ही कथावाचक द्वारा व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को भगवान महाशिव की कथाएं सुनाई जा रही है। सार्वजनिक रूप से इस कार्यक्रम के आयोजन में नगरवासी और महिला समूहों की भूमिका है, जहां प्रतिदिन सवा एक बजे से कथा कही जाती है जिसमें बड़ी संध्या श्रद्धालुओं की पहुंच रही है। श्रावण मास में शिव कथा का बड़ा ही महत्व है ऐसे में कार्यक्रम स्थल पर भजन कीर्तन का आयोजन भी हो रहा है, सावन के पहले सोमवार से ही लगातार हो रही बारिश के बाद भी कथा स्थल पर लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, शिव महापुराण कथा का समापन 30 जुलाई को होगा।

# बासी खादय पदार्थ बेचने वालो पर निगम भिलाई के दल ने की जुर्माने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



लगातार बारिश को देखते हुए समस्या निवारण हेतु नगर निगम भिलाई का अमला निरंतर भ्रमण कर रहा है। दुकानो में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती एवं चालानी कार्यवाही तथा बेचे जा रहे खादय सामग्री का भी निरीक्षण कर रहा है,कि खाने योग्य है कि नही। इसी तारतम्य में जोन क्रं. 01 का दल द्वारा सड़क पर ठेला लगाकर खादय सामग्री बेचने वाले 6 दुकानो के सामग्री की जॉच की गई। जॉच के दौरान पाया गया कि कुछ दुकानदारो द्वारा खादय सामग्री बासी बेची जा रही है। उसमें दुर्गंध आ रहा था बेचने की योग्य नहीं था। खाने वाले ग्राहको को गरम करके परोसा जा रहा था। बासी खादय सामग्री का जप्ती करते हुए जमीन में गडकर, ब्लीचिंग पाउडर डालकर विनिष्टीकरण किया गया। संबंधितो से 2000 रूपया अर्थदण्ड भी वसूला गया। उसे चेतावनी दी गई दुबारा बेचते हुए पाये जाने पर ठेला ही जप्त कर लिया जायेगा। खादय सामग्री खरीद के खाने वालो को भी चेताया गया कि इस प्रकार खुले में बेचे जा रहे बासी खाने को, ताजा समझ कर खाने से बचें। इसी प्रकार के खादय सामग्री खाने से फूड प्वाइजनिंग हो सकता है।

नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये है कि सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालो पर सक्त कार्यवाही की जावे। दल के सदस्य सभी बाजारो में, दुकानो पर जाकर निरीक्षण करे। जो भी दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान बेचते हुए पाया जाए, उसकी जप्ती बनाते हुए चालानी कार्यवाही भी की जावे। इसी प्रकार जो नागरिक नाली में कचरा फेकते हुए पाया जाये उनसे भी चालान काटा जावे। जोन क्रं. 05 द्वारा हुड़को में नाली में कचरा फेकने एवं सिंगल यूज प्लाास्टिक का उपयोग करने वाले 11 दुकानदारो से 1350 रूपया अर्थदण्ड काट कर रसीद दिया गया।

कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्शेना, जोन राजस्व अधिकारी धीरज साहू, मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, जोन के स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, अंजनी सिंह, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, विष्णु एवं तोडफोड दल के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# 27 जुलाई से 10 अगस्त तक नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन

## शिविर के सफल आयोजन हेतु निकायों में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जिले के नगरीय निकायों के सभी वार्डों में 27 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण, नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की साफ-सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी बल्ब ट्यूब का बंद होना एवं दिन प्रतिदिन के कार्यों से संबंधित समस्याओं के निराकरण मौके पर किए जाएंगे। जिन आवेदनों/शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाना संभव नहीं होगा उनकी विभागवार सूची प्रति शिविर पंजीयन रजिस्टर के माध्यम से प्राप्त कर प्रभारी अधिकारी जिला शिकायत शाखा दुर्ग को प्रेषित की जाएगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिसमें नगर पालिका निगम दुर्ग हेतु नोडल अधिकारी लोकेश चंद्राकर आयुक्त नगर निगम दुर्ग एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी पंचराम सलामे तहसीलदार दुर्ग होंगे। इसी प्रकार नगर पालिका निगम भिलाई के नोडल अधिकारी देवेश ध्रुव आयुक्त नगर निगम भिलाई एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी गुरुदत्त पंचभाये, तहसीलदार भिलाई होंगे। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा के नोडल अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर निगम भिलाई चरोदा एवं उनके सहायक नोडल अधिकारी पवन ठाकुर अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई 3 होंगे। नगर पालिका निगम रिसाली की नोडल अधिकारी मोनिका वर्मा मिश्रा आयुक्त नगर निगम रिसाली एवं सहायक नोडल अधिकारी क्षमा यदु अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग होंगी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु नोडल अधिकारी महेश राजपूत अनु.वि.अधि. राजस्व भिलाई 3 एवं सहायक नोडल अधिकारी नेतराम चंद्राकर मु.न.पा.अधि. कुम्हारी है। नगर पालिका परिषद जामुल के नोडल अधिकारी लवकेश ध्रुव एस.डी.एम. छावनी एवं सहायक नोडल अधिकारी अंकुर पाण्डेय मु.न.पा.अधि. जामुल है। नगर पालिका परिषद अहिवारा के नोडल अधिकारी उत्तम ध्रुव डिप्टी कले. एवं प्र. तहसीलदार दुर्ग तथा सहायक नोडल अधिकारी सीमा बक्शी मु.न.पा.अधि. अहिवारा होंगे। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के नोडल अधिकारी दीपक निकुंज अनु.वि.अधि. राजस्व पाटन एवं सहायक नोडल अधिकारी सतीश यादव मु.न.पा.अधि. अमलेश्वर होंगे। नगर पंचायत पाटन के नोडल अधिकारी दीपक निकुंज अनु.वि.अधि. राजस्व पाटन एवं सहायक नोडल अधिकारी सौरभ वाजपेयी मु.न.पा.अधि. पाटन होंगे। नगर पंचायत धमधा के नोडल अधिकारी सोनल डेविड अनु.वि.अधि. राजस्व धमधा एवं सहायक नोडल अधिकारी ओंकार प्रसाद ठाकुर मु.न.पा.अधि. धमधा होंगे। नगर पंचायत उतई के नोडल अधिकारी मुकेश रावटे अनु.वि.अधि. राजस्व दुर्ग एवं सहायक नोडल अधिकारी राजेन्द्र नायक मु.न.पा.अधि. उतई होंगे।

# सीईओ ने ली ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का कार्य करने तथा नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने को कहा। साथ ही कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता कर बिल के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि सखियों के माध्यम से किसानों को बीज उपलब्ध कराने कहा। ग्राम पंचायत स्तर पर पीएमजेजेबीवाई पीएमएसवाई के तहत किसी भी कारण से मृत्यु होने पर जिला पंचायत स्तर से बीमा राशि दावा भुगतान जिला पंचायत स्तर पर बीमा राशि देने में सहायता की जानी है। महात्मा गांधी मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभिसरण से निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। मनरेगा व आवास के अभिसरण से जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें एमआईएस में अपडेट किया जाए। अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में दुर्ग के लिए 15, धमधा के लिए 15 तथा पाटन के लिए 12 प्रस्ताव दिये गये हैं। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना को गंभीरता से लेने तथा निर्माण के लिए अधिक प्रस्ताव देने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन सामुदायिक, व्यक्तिगत शौचालयों की लंबित जियो टैगिंग को तत्काल पूर्ण किया जाए। कचरा संग्रहण के लिए पंचायतों को प्रेरित किया जाए। किसी भी स्थिति में कचरा बाहर न फेंका जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कर निर्धारित करने तथा हाट, बाजार, दुकानों में नियमित रूप से बिल राशि वसूलने को कहा गया। उप अभियंता एवं जिला स्तरीय अधिकारी की टीम से ओडीएफ की तैयारी करने तथा घोषित सर्वे की जांच करने के निर्देश दिए गए। लखपति दीदी स्व-सहायता समूह की बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मनरेगा अंतर्गत अभिसरण के स्व-सहायता समूह की बहनों के लिए योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभाग अंतर्गत बकरी, गाय, मुर्गी, मछली बीज के वितरण की जानकारी अनुसार अभिसरण के तहत निर्माण कार्य स्वीकृत करने को भी कहा। स्वयं सहायता समूह की बहनों को कन्वर्जेंस के माध्यम से लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल करने के लिए लक्ष्य आधारित कार्ययोजना तैयार की जाए।

# यूपी बिहार मोहर्रम अखाड़ा कमेटी कैंप-2 का इस्तकबालिया प्रोग्राम हुआ कर्बला मैदान में

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



यूपी बिहार मोहर्रम अखाड़ा कमेटी कैम्प-2 की ओर से मोहर्रम के जुलूस से जुड़े शहर के तमाम ताजियादार, अखाड़ा, सवारी, अलाव और लंगर कमेटियों का इस्तकबाल किया गया। शुक्रवार 26 जुलाई की रात कर्बला मैदान सैलानी बाबा की दरगाह के पास हुए इस आयोजन में शहर की तमाम मस्जिद-मदरसा कमेटी और तमाम अंजुमन-तंजीमों के ओहदेदार, समाज के प्रबुद्ध नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे।

शुरुआत में कलाम पाक की तिलावत से हुई। वहीं सलात-व-सलाम पेश किए गए। इस दौरान इज्तेमाई दुआएं हुई। जिसमें मुल्क हिंदुस्तान और सूबा-ए-छत्तीसगढ़ में अम्नो-अमान, भाईचारा व खुशहाली के लिए दुआएं की गई।

आयोजक यूपी बिहार मोहर्रम अखाड़ा कमेटी कैंप-2 के अध्यक्ष मन्नान गफ्फार खान और सचिव मोहम्मद वकील ने बताया कि आयोजन का मकसद मोहर्रम के आयोजन से जुड़े तमाम लोगों को एकजुट कर एक प्लेटफार्म पर लाना था। जिससे संगठित समाज के निर्माण में हम सब अपना योगदान दे सके। इस दौरान 150 से ज्यादा ताजियादार, अखाड़ा, सवारी, अलाव और लंगर कमेटियों और इससे जुड़े लोगों का इस्तकबाल किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में और भी भव्य तरीके से यह आयोजन होगा। इस मौके पर भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट सेक्टर-6 के सदर जमील अहमद, गौसिया मस्जिद कैम्प-1 कमेटी के सदर मिर्जा मुकीम बेग, रजा जामा मस्जिद के सदर हलाल राईन, अशरफी मस्जिद के सदर हाजी मुमताज, मदनी मस्जिद सदर बरकत अली, अक्सा मस्जिद छावनी के सदर अब्दुल कलाम, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी, रजा जामा मस्जिद के सेक्रेटरी सुबहान, गरीब नवाज मस्जिद के सेक्रेटरी अफ्जल, संतोषी पारा,दारूल उलूम इस्लामिया यतीमखाना सदर, भिलाई-तीन सैय्यदी मस्जिद, हनफी मस्जिद कोहका सदर इमरान, मदरसा बोर्ड सदस्य तौहीद, मोहम्मद हसरत, निजामुद्दीन खान, अकबर, फारुख कुरैशी, तमजीद, मेराज सिद्दीकी, इरफान खान, वकील, अलाउद्दीन, कर्रार खान, नियाज अहमद, आजाद खान, रजा सिद्दीकी, जुल्फिकार अली, यासीन खान, एडवोकेट अजहर अली, असलम, आसिम बेग, तहूर पवार और कलीम सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# कारगिल विजय दिवस पर एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी




**मनेन्द्रगढ।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। भारत 26 वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। आज ही के दिन हमारे भारतीय रणबांकुरों ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की सेना को धूल चटा दी थी। दोनों देशों के बीच इस युद्ध में जीत भारत की ही हुई द्य शौर्य और वीरता की कहानी लिए एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित और पुष्पमाला समर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेड को-ऑर्डिनेटर रूबी पासी द्वारा किया गया। कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों ने भारत की सुरक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को देशभक्ति गीत पर आधारित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके नृत्य को देखकर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनों के रोंगटे खड़े हो गए। नृत्य नाटिका की प्रस्तुति कि प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्राचार्य पी रवि शंकर ने बच्चों से कहा कि जब वे नृत्य की प्रस्तुति दे रहे थे, तो उनको देखकर उन्हें सच में उन शहीदों की परछाई नजर आ रही थी। भावुकता के साथ उन्होंने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम की लयबद्धता को बनाए रखने के लिए अगले कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु कक्षा 12 वीं की आरुषि अग्रवाल ने अपनी मधुर आवाज में एक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़कर हिस्सा लिया और विद्यार्थियों को आज के दिवस की विशेषता को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकगणों का अतुलनीय सहयोग रहा विशेष रूप से सुनील द्विवेदी संगीत शिक्षक व सोनू महतो, रितेश कुमार नृत्य शिक्षक का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी निदेशक गण श्री प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए साधुवाद दिया ।

# स्काउट्स गाइड्स संघ के अध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र, ओमप्रकाश ने जमा किया नामांकन, मतदान 29 को पुराना कालेज भवन में

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द के आदेशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ स्थानीय संघ सरायपाली के एक अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्र अमृत पटेल, महेन्द्र बाघ, ओमप्रकाश चौधरी जमा हुआ एवं तीन पद उपाध्यक्ष (महिला) हेतु चार नामांकन पत्र ज्योति रानी पटेल, पुष्पलता चौहान, सीता पटेल, तारेश्वरी नायक जमा हुआ एवं तीन पद उपाध्यक्ष (पुरूष) पद हेतु तीन नामांकन पत्र भरा अब्दुल हलीम लखानी, अजय कुमार अग्रवाल,गुंजन अग्रवाल जमा हुआ। नामांकन पत्रों के जांच के बाद सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। अमृत पटेल के अध्यक्ष पद हेतु जमा नामांकन पत्र वापसी पश्चात् एक पद अध्यक्ष के लिए दो अभ्यर्थी महेन्द्र बाघ एवं ओमप्रकाश चौधरी हैं। ज्योति रानी पटेल के उपाध्यक्ष महिला पद से नामांकन वापसी के बाद तीन उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए तीन अभ्यर्थी पुष्पलता चौहान, सीता पटेल, तारेश्वरी नायक हैं। तीन उपाध्यक्ष (पुरूष) पद के लिए तीन अभ्यर्थी अब्दुल हलीम लखानी, अजय कुमार अग्रवाल,गुंजन अग्रवाल हैं। प्रकाशचंद्र मांझी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं पदेन विकासखंड आयुक्त (स्काउट) सरायपाली ने बताया कि निर्वाचन कार्य संपन्न कराने सचिव हेमन्त चौधरी को निर्वाचन अधिकारी एवं सहसचिव यशवंत कुमार चौधरी को सहायक निर्वाचन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

# नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ

## जिले के तीनों नगरीय निकायों में आयोजित किए गए जनसमस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के तीनों नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कोंडागांव नगर पालिका के महात्मा गांधी वार्ड, सुभाषचंद्र बोस वार्ड और श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के नागरिकों के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय के समक्ष दुर्गाबाड़ी में फरसगांव नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 5 तक के लिए अस्पताल मंच और केशकाल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1, 2 और 15 के लिए मंगल भवन हर्रापड़ाव में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कोंडागांव नगर पालिका में कुल 36 आवेदन, फरसगांव नगर पंचायत में 4 और केशकाल नगर पंचायत में 11 आवेदन प्राप्त हुए। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत स्थानीय नागरिक नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार से संबंधित समस्याओं के प्रकरण का निराकरण करा सकते है, साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की साफ-सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी फूटी नालियों का मरम्मत, सडको के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी बल्ब ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से हो सकेगा। शिविर में कर दाताओं को करों का भुगतान वार्ड में करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये हैं।

# महाविद्यालय में उच्चारण कौशल एवं शब्द का स्वभाव विषय पर किया व्याख्यान

**सरायपाली।** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रदीप कुमार भोई के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा उच्चारण कौशल एवं शब्द का स्वभाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले, लेखक एवं भाषाविद् डॉ. महेश परिमल ने व्याख्यान दिया। जिसमें परिमल जी ने हिंदी के शब्दों का सही प्रयोग एवं उच्चारण में होने वाले त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि सही शब्दों का चयन करना जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक सही स्थान में उसका प्रयोग करना भी है। उन्होंने अपने साहित्य, पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र के अनुभवों को साझा किया। विद्यार्थियों के शब्द प्रयोग संबंधी शंकाओं का निवारण भी किया।



# कारगिल विजय दिवस एक तारीख नही है, यह भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है : डॉ विश्नोई

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अग्रणी महाविद्यालय शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं का संचार को दृष्टिगत रखते हुए भाषण, परिचर्चा, विचारगोष्ठी, आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिचर्चा पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. के छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों में नागेश्वर एवं तरूणेन्द्र पाण्डेय ने इस अवसर पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. रश्मि तिवारी, सुशील कुमार तिवारी, डॉ. अरूणिमा दत्ता, स्मृति अग्रवाल, डॉ. रामजी गर्ग, शुभम कुमार गोयल,, पुष्पराज सिंह, डॉ. रिंकी तिवारी परिचर्चा में हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय सेना की गौरवगाथा असंख्य वीरता एवं बलिदान से भरी है। भारतीय सेना की स्थापना से लेकर आजपर्यन्त देश के लिए अदम्य साहस, वीरता एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत होकर देश के लिए अपना जीवन न्योछावर किया है। प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना की अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। यह दिवस राष्ट्रवाद और एकता की भावना, सैन्य एवं समाज के बीच संबंध, युवाओं के लिए प्रेरणा सामाजिक जागरूकता और कृतज्ञता, सैनिकों की वीरता और बलिदान की सराहना करने की प्रेरणा देता है। सन् 1999 में आज के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना एवं घुसपैठियों को कारगिल की ऊँची चोटियों से खदेड़कर विजय प्राप्त की थी। पाकिस्तान में सर्दियों के दौरान भारतीय चौकियों को खाली देखकर घुसपैठ की थी। भारतीय सैनिकों ने विजय ऑपरेशन के द्वारा 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध पर विजय प्राप्त की। उन्होनें कैप्टन बत्रा (परमवीर चक्र), रायफल मैन संजय कुमार, मेजर राकेश सिंह, कैप्टन अनुभव नायर, कैप्टन सौरभ कालिया, लेफ्टिनेंट नवदीप सिंह, लेफ्टिनेंट बलवान सिंह (महावीर चक्र), मेजर विवके गुप्ता (महावीर चक्र मरणोपरान्त), कैप्टन एन.के. गुरूसे (महावीर चक्र मरणोपरान्त), लेफ्टिनेंट कौसिंगक्लीफोर्ड (महावीर चक्र मरणोपरान्त), नायर दिगेन्द्र कुमार (महावीर चक्र), कैप्टन अमोल कालिया (वीरचक्र), कैप्टन हनीफउद्दीन, कैप्टन अमित भारद्वाज, ग्रेडेनियर राजेश कुमार, हवलदार योगेश कुमार जैसे जाबांज योद्धाओं को भी स्मरण करते हुए उनके युद्ध कौशल की चर्चा की। सभी अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम संचालन करते हुए अनुपा तिग्गा ने कहा कि यह युद्ध 1999 में तब शुरू हुआ जब पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर कारगिल, बटालिक और द्रास सेक्टर के चोटियों पर आ पहुँची थी। इस दौरान हालात बेहद खराब थे क्योंकि पाकिस्तानी सेना ऊँची चोटियों पर थी। जबकि भारतीय सेना निचले हिस्से पर थी।

# महापौर ने संभाग लोक निर्माण विभाग के ईई को पुलगाँव नाला पुलिया के तत्काल मरम्मत करने सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने एम.आई.सी. प्रभारी अब्दुल गनी, भोला महोंबिया, पार्षद भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, पलाश जैन की मौजूदगी में दुर्ग संभाग लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अशोक श्रीवास से मुलाकात कर पुलगाँव नाला पुलिया के तत्काल मरम्मत करने ज्ञापन सौपा गया। इसके पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से फोन पर बात कर पुलगाँव नाला पुलिया को तत्काल मरम्मत करने के लिए चर्चा किया गया था। महापौर द्वारा पुलगांव पुल पर सुरक्षा प्रदान करने विगत दिवस पुलगांव पुल पर एक तरफदोनो सिरे को बंद कर कांक्रीट से गड्ढे भर दिये गये थे. जिसे रात को अज्ञात लोगो द्वारा दोनो सिरे के बेरिंगेट निकालकर यातायात के लिए खोल दिया गया, जिसके कारण की गई कांक्रीट की परत निकल गई और पुनः गड्ढे निर्मित हो गये, जिसे मौसम खुलते ही पुनः भरने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रात्री में फोर्स लगाकर कम से कम सात दिन यातायात बंद रखना पड़ेगा जिससे कांक्रीट सेट हो जाये अन्यथा बार-बार इस कार्य को कराना विभाग के लिए संभव नहीं होगा। लोगो की सुरक्षा ध्यान में रखते हुए संभाग लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अशोक श्रीवास द्वारा तुरंत पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को पत्र के माध्यम से रात्री में फोर्स लगाकर सात दिन यातायात बंद रखने के लिए पत्र लिखा।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग ईई को संधारण कार्य कराने की बात कही। सड़क एवं पुल के ऊपर गड्ढों को कांक्रीट मटेरियल डालकर समतल किये जाने के लिए कहा।

## संपादकीय

### बेंजामिन नेतनयाहू समर्थन पाने के प्रयास

**बेंजामिन नेतनयाहू** ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए गाजा युद्ध के लिए समर्थन प्राप्त करने का प्रयास किया। इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने कांग्रेस में भाषण देते हुए अमेरिका से एकजुटता का आह्वान किया है। हालांकि, उनकी अपने देश में लोकप्रियता घट रही है और विरोध बढ़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस को संबोधित करते हुए नेतनयाहू ने अमेरिकन विधि-निर्माताओं का आह्वान किया कि वे गाजा में जारी सैनिक कार्रवाइयों का समर्थन करें। बढ़ती हिंसा तथा हताहत सिविलियनों की संख्या बढ़ने की पृष्ठभूमि में दिया गया यह भाषण नेतनयाहू की प्रतिबद्धता रेखांकित करता है कि वे इसराइल के सर्वाधिक शक्तिशाली सहयोगी का अडिग समर्थन चाहते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इसराइल को गाजा में सक्रिय चरमपंथी समूहों, खासकर हमास से अपने अस्तित्व पर खतरा है। प्रधानमंत्री नेतनयाहू ने सैनिक कार्रवाई को इसराइली समुदायों को प्रभावित करने वाले राकेट हमलों तथा वर्तमान समय में जारी आतंकी हमलों की आवश्यक प्रतिक्रिया बताया। लेकिन नेतनयाहू के भाषण में फिलिस्तीनी क्षेत्रों में मानवाधिकार उल्लंघनों पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिन्ताओं को संबोधित नहीं किया गया था। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' तथा 'ह्यूमन राइट्स वाच' समेत अनेक मानवाधिकार संगठनों ने इन क्षेत्रों में अनेक मानवाधिकार उल्लंघन उजागर किए हैं।

गाजा में मानवीय संकट नाकेबंदी के कारण और गंभीर हुआ है जिससे लोगों और वस्तुओं का आवागमन अत्यधिक सीमित हो गया है। इससे भोजन, पानी और चिकित्सा देखभाल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी



हो गई है। गाजा में वर्तमान आक्रमण 250 दिन से अधिक समय से जारी है जिसमें बड़े पैमाने पर मौतें और विनाश हुआ है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इसराइली हमलों में 34,000 से अधिक लोग मारे गए हैं तथा 77,000 से अधिक घायल हुए हैं। मृतकों में लगभग 72 प्रतिशत महिलायें और बच्चे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि 'हर दस मिनट में' गाजा में कोई बच्चा मारा जाता है या घायल होता है। इसराइल की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन तथा सामूहिक दंड है जिसमें निरपराध सिविलियन जनसंख्या को बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इससे मानवीय संकट गहरा रहा है। इसराइल के मुख्य सहयोगी के रूप में अमेरिका इसराइल-फिलिस्तीन टकराव की दिशा तय करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस समर्थन से अमेरिका की आलोचना हो रही है क्योंकि वह शांति तथा मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में अपने प्रभाव का प्रयोग कर सकता है। अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए हथियारों का प्रयोग इसराइल फिलिस्तीन में सिविलियनों के खिलाफ कर रहा है जो भयानक समय का सामना कर रहे हैं। अमेरिकी जनता तथा कांग्रेस के कुछ सदस्यों में ज्यादा संतुलित दृष्टिकोण की पैरोकारी की जा रही है। अमेरिका से अपील की जा रही है कि वह मानवाधिकार उल्लंघनों पर कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए टकराव का टिकाऊ व न्यायोचित समाधान निकालने के राजनयिक प्रयासों का समर्थन करे। दोनों पक्षों के वैध सरोकारों को संबोधित करने वाले समावेशी व समग्र दृष्टिकोण से ही टिकाऊ शांति संभव होगी। इस क्षेत्र में न्याय व मानवाधिकारों की पैरोकारी की अमेरिका की नैतिक एवं रणनीतिक जिम्मेदारी है। अमेरिका बेंजामिन नेतनयाहू से कह सकता है कि वे गाजा पर संयुक्त राष्ट्रसंघ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सिविलियन ठिकानों पर बमबारी बंद करें ताकि हताहत सिविलियनों की संख्या न्यूनतम की जा सके। इस प्रकार अमेरिका इस क्षेत्र में स्थाई शांति की दिशा में केन्द्रीय भूमिका निभा सकता है।

# किसानों के साथ एक बार फिर छलावा



**डॉ राजाराम त्रिपाठी**
राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)




**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट-24 दो मायनों में अभूतपूर्व रहा। पहली तो यह कि देश के इतिहास में पहली बार किसी वित्त मंत्री ने 7 वीं बार बजट पेश किया है, हालांकि इस रिकॉर्ड के बनने से देश का क्या भला होने वाला है तथा इकोनॉमी पर क्या प्रभाव पड़ना है,यह अभी भी शोधकर्ताओं के शोध का विषय है। दूसरी यह कि कृषि की वर्तमान आवश्यकता के मद्दे नजर इस बजट में देश की खेती और किसानों के लिए ऐतिहासिक रूप से अपर्याप्त न्यूनतम राशि प्रावधानित की गई है। यह गजब विडंबना है कि इस सबके बावजूद 2024-25 के बजट में विकसित भारत की नौ प्राथमिकताओं में कृषि को सर्वप्रथम स्थान पर रखने का दावा करने का ढोंग किया जा रहा है। इस बजट में घोषित योजनाएं और आवंटन न केवल अपर्याप्त हैं, बल्कि वे कृषि क्षेत्र में कोई भी वास्तविक सकारात्मक परिवर्तन लाने में पूरी तरह से असमर्थ हैं।

### कृषि बजट : गहन निराशा का कोहरा, हुआ और भी गहरा

हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले बजट 2024 के संदर्भ में देश के किसानों के ऊपर यह लाइन बेहद सटीक बैठती है।

कृषि व कृषि संबद्ध क्षेत्रों के लिए फरवरी 2024 के अंतरिम बजट में 1.47 करोड़ का प्रावधान किया गया था और वर्तमान बजट 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो बहुत ही मामूली बढ़ोतरी है। यह राशि देश के कृषि क्षेत्र की विशाल जरूरतों के मुकाबले ऊंट के मुंह में जीरा है। किसानों को बड़ी घोषणाओं और दीर्घकालिक सुधार योजनाओं की उम्मीद थी, लेकिन यह बजट उनकी उम्मीदों पर पानी फेरता दिखाई देता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा किसान पेंशन योजनाओं का दायरा तथा राशि समय के साथ बढ़ाने के बजाय कम होती जा रही है।पुरानी कृषि योजनाएं हों या नई योजनाएं किसी के लिए कोई बड़ा आवंटन नहीं है। किसानों का प्रीमियम हड़प कर निजी बीमा कंपनियों की बैलेंसशीट समृद्ध हो रही है, दूसरी ओर देश में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मजबूर किसान आत्महत्या कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि सरकार कृषि क्षेत्र के जरूरी कायाकल्प के प्रति बिल्कुल ही गंभीर नहीं है।

### कृषि शोध : आधे-अधूरे वादे , खतरनाक इरादे

बजट में कृषि शोध की समीक्षा और जलवायु अनुकूल किस्मों के विकास का वादा किया गया है, लेकिन इसके लिए कोई ठोस फंडिंग नहीं दी गई है। कृषि शिक्षा और शोध विभाग के लिए मात्र 9941.09 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहद मामूली वृद्धि है। इस राशि से कृषि अनुसंधान में व्यापक सुधार की उम्मीद करना बेमानी है।

### भारतीय प्रशासनिक सेवा बनाम भारतीय कृषि सेवा : विशेषज्ञता के बिना जहाज का डूबना तय है

कृषि छात्रों तथा कृषि वैज्ञानिकों के साथ उन फैकल्टी की तुलना में सदैव पक्षपात होता है रहा है। भारतीय कृषि सेवा की लंबे समय से मांग की जाती रही है। देश की कृषि योजनाओं का निर्माण व शीर्ष स्तरीय कार्यान्वयन कृषि विशेषज्ञों के बजाय आईएएस तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा निष्पादित किया जाता है। यहां हमारा मकसद प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्य क्षमता पर प्रश्न उठना नहीं है। किंतु यह भी समझ ना होगा कि हवाई जहाज उड़ने वाले पायलट से अगर पानी का जहाज चलवाएंगे तो जहाज के डूबने की पर्याप्त संभावना है।

### प्राकृतिक खेती : घटता बजट, खोखले दावे

गजब विडंबना है कि संसद में बजट प्रस्तुत करने के साथ अगले दो साल में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की योजना के कसीदे पढ़े जाते हैं, लेकिन इस कार्य के लिए मात्र 365 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पिछले साल इस कार्य के लिए 459 करोड़ रुपए का प्रावधान था, यानि कि पिछले साल की तुलना में इस साल के बजट में 94 करोड़ अर्थात कि 20% की कटौती की गई है। इससे भी ज्यादाआश्चर्यजनक व सत्य तथ्य यह है कि पिछले साल इस मद में सरकार ने केवल 100 करोड़ रुपये ही खर्च हुए थे। ऐसा प्रतीत होता है कि इस सरकार में एक हाथ क्या कर रहा है दूसरे हाथ को पता ही नहीं है अन्यथा जिस मुद्दे पर प्रधानमंत्री स्वयं संसद में खड़े होकर छाती ठोक कर एक करोड़ किसानों को जैविक खेती से जोड़ने की बात कर रहे हों उसी मद में 20% की कटौती हो जाए, तो इसका तात्पर्य यही है कि या तो प्रधानमंत्री जी को वस्तुस्थिति का पता नहीं है अथवा यह तथ्य जानबूझकर उनसे छुपाए गया है। जाहिर है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयास नाकाफी हैं, और सरकार झूठे आंकड़ों से खुद को और जनता को दोनों को बहला रही है।

### हाइटेक डिजिटल एग्रीकल्चर : वास्तविकता व व्यवहार्यता से कोसों दूर,

ड्रोन के फायदे गिनाते सरकार थकती नहीं। पिछले बजट में एक मोटी राशि भी इस पर खर्च कर दी गई, पर इस अत्यंत महंगे खिलौने ने ज्यादातर फायदा इसके निर्माण तथा विपणन से जुड़ी कंपनियों को ही पहुंचाया है, बहुसंख्य किसानों तक इसका फायदा कैसे पहुचेगा इसका कोई प्रभावी रोडमैप दिखाई नहीं देता।

डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के उपयोग से कृषि में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। लेकिन सवाल उठता है कि इस प्रक्रिया का असल मकसद क्या है, और इसके असल लाभार्थी कौन होंगे? किसानों को हर सीजन में और अलग-अलग फसलों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया में उलझा दिया जाता है। डिजिटल डिवाइड और डेटा दुरुपयोग की चिंताओं को नजरअंदाज कर दिया गया है।

### खाद्य तेल और दालों में आत्मनिर्भर : कथनी करनी में अंतर

खाद्य तेलों और दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन शुरू करने की घोषणा की गई है, लेकिन पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसे कदमों का वास्तविक लाभ नहीं मिला है। जब किसानों का दलहन बाजार में आता है उस समय उन्हें न तो सही दाम मिलता है, और ना ही पर्याप्त खरीदी होती है। कालांतर में तेल आयात कर व्यापारी तथा कंपनियां मोटा मुनाफा कमाती हैं । सरकार की नाक के नीचे किस लूट रहा है और व्यापारी चांदी काट रहे हैं। 'एमएसपी' में समुचित बढ़ोतरी और बफर स्टॉक बनाने जैसे प्रयास विफल रहे हैं। बड़ी कंपनियों की मजबूत टिकाऊ लाबिंग चलते आयात पर निर्भरता और कीमतों में उतार-चढ़ाव की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

### फलों, सब्जियों की कीमतों में ठहराव : ठोस समाधान का अभाव

फलों सब्जियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के चलते महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। टॉपअप जैसी स्कीम की असफलता इस बात का सबूत है। फलों सब्जियों के बेहतर उत्पादन, मार्केटिंग और भंडारण के लिए इस बार भी कोई ठोस वित्तीय प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

### डेयरी और फिशरीजः आधे मन से आधी अधूरी घोषणाएं

डेयरी और फिशरीज के क्षेत्र में केवल झींगा उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने की बात कही गई है। देश में दूध का उत्पादन कुल खाद्यान्न से अधिक हो गया है। यह क्षेत्र पर्याप्त संभावनाओं का क्षेत्र है, लेकिन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए भी कोई नई योजना या बड़ा आवंटन नहीं किया गया है।

### कृषि सहकारिता : सहकारिता की फसल, चर गये नेतागण

सहकारिता आंदोलन के तुच्छ राजनीतिकरण के कारण पटरी से नीचे उतर गया है। असल किसानों को सहकारिता के फायदे के दायरे में लाने के लिए नई नीति लाने की घोषणा की गई है। लेकिन इसके सुधार का कोई नवीन रोड मैप आज भी अस्पष्ट है। इसके लिए पूर्व में गठित की गई समितियों के सुझावों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली नवीन नीति के आने तक किसानों को कोई ठोस लाभ मिलता दिखाई नहीं देता। सहकारिता के नवीन अवतार वर्तमान 'एफपीओ' भी कमोबेश नई बोतल में पुरानी शराब वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं।

### अंततः :- बहुत कठिन है डगर पनघट की, आगे की राह आसान नहीं

कृषि और सहयोगी क्षेत्रों के लिए बजट 2024-25 में कोई बड़े बदलाव या घोषणाएं नहीं हैं। सरकार की प्राथमिकताओं में कृषि को पहले स्थान पर रखना एक दिखावा है। वास्तविकता यह है कि किसानों को बड़े सुधारों तथा दीर्घकालिक योजनाओं एवं समग्र बजट के 15 से 20% राशि की आवश्यकता है। जब की सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो देश की जनसंख्या का 70% जो की खेती तथा कृषि संबंध उद्योगी से जुड़ा हुआ है के लिए को बजट का मात्र 3 से 4% तीन से चार प्रतिशत राशि ही आवंटित किया जाता रहा है। वर्तमान बजट में भी नया कहने को कुछ भी नहीं है, पिछली परंपराओं को ही दोहराया गया है तथा कृषि हेतु बजट राशि में पहले से भी ज्यादा कटौती की गई है। किसान आंदोलन के दरमियान भाजपा नेताओं तथा उनके प्रवक्ताओं ने जिस तरह से देश के किसानों को तरह-तरह के विशेषणों से नवाजा, गालियां दी, आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया इस सबसे देशभर के किसानों में एक कड़वाहट तथा नाराजगी बैठ गई है। किसने की बहु प्रतीक्षित प्रतिशत मांगों को पूरा करते हुए करके किसानों के लिए एक सकारात्मक बजट लाकर किसने की इस नाराजगी को काम किया जा सकता था, किंतु सरकार ने एक और अच्छा अवसर गवा दिया।

# बजट के द्वारा राजकोषीय व रोजगार संतुलन

बजट राजकोषीय अनुशासन के मार्ग पर चल रहा है, भले ही पीएम मोदी गठबंधन सरकार की अगुआई कर रहे हों।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखिक नीति विश्लेषक हैं)

**मोदी** सरकार के तीसरे कार्यकाल का ग्यारहवां पूर्ण-कालिक बजट राजकोषीय अनुशासन के मार्ग पर चल रहा है, भले ही वह गठबंधन सरकार की अगुआई कर रहे हों। 4 जून के आश्चर्यजनक नतीजों ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके करियर में शायद पहली बार गठबंधन सरकार दिलाई, लेकिन इसके बावजूद उनके बजट प्रस्तावों को रोका नहीं जा सका, जिसमें पृष्ठभूमि में ठोस अर्थशास्त्र के साथ-साथ राजनीतिक भी शामिल था।

बजट से पहले, कई लोगों ने उम्मीद की थी कि वित्त अधिनियम इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के राज्य चुनावों को ध्यान में रखते हुए लोकलुभावन होगा। हालांकि निर्मला सीतारमण की जेब से जो निकला, वह एक ऐसा दस्तावेज था, जिसने लोकलुभावन मांगों के आगे झुकने के बिना दीर्घकालिक विकास और सभ्य बुनियादी ढाँचे के खर्च के मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चुना। सरकार द्वारा उजागर किया गया मुख्य विषय रोजगार है। देश के युवाओं के लिए लाखों नौकरियों के सृजन के लिए घोषित योजनाओं की व्यवहार्यता के बारे में बजट के बाद के विश्लेषण में सवाल उठाए गए हैं।

भारत की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों में प्रति वर्ष लाखों युवाओं को सरकारी वजीफा देने का वादा करने वाली प्रशिक्षु योजना तभी गेम चेंजर साबित हो सकती है, जब इन युवा प्रशिक्षुओं को ध्यानपूर्वक प्रशिक्षित किया जाए, ताकि उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें औपचारिक रूप से नौकरी मिल सके। अपेक्षाकृत अकुशल कार्यबल की प्रचुर उपलब्धता के बारे में गंभीर चिंताएँ हैं, जो बिना कोई सार्थक कौशल सीखे बड़े



कार्यालयों में काम करते रहते हैं।

ईपीएफओ से जुड़ी नई नौकरी प्रोत्साहन योजना के बारे में भी इसी तरह के सवाल उठाए गए हैं, जिसके कई पहलू हैं, जो संभवतः एक सुविचारित नीति को अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि नीतिगत धक्का मुख्य रूप से अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत अधिक युवाओं को औपचारिक मानक कार्यबल के भीतर लाना और उनमें शुरू से ही वित्तीय साक्षरता अनुशासन पैदा करना है।

हालांकि, यह वित्तीय साक्षरता तब धराशायी हो जाती है जब कोई सट्टा इक्विटी बाजार में निवेश करने वाले किसी भी निवेशक के लिए कर संरचनाओं में किए गए बदलावों को देखता है। पूंजीगत लाभ कर की बढ़ी हुई दर और नई आयकर व्यवस्था को बढ़ावा देना, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के विपरीत प्रतीत होता है, सरकार चाहती है कि युवा पहले महीने के वेतन सब्सिडी के रूप में 15,000 रुपये का पूरा लाभ उठाने का बीड़ा उठाएं। पहले की कर व्यवस्थाओं ने औपचारिक नौकरी क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी युवा के लिए वित्तीय जिम्मेदारी की भावना पैदा की, जिसमें कई लोगों ने भविष्य में कर छूट का दावा करने और बचत करने के साधन के रूप में कम से कम एक उत्पाद चुना। इसने उन्हें कामकाजी पेशेवरों के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक लंबे वित्तीय अनुशासन पथ पर आगे बढ़ाया, जो अब धीरे-धीरे आसान होता दिख रहा है। सरकार के पास प्रति-तर्क यह हो सकता है कि वे चाहते हैं कि उपभोक्ता अर्थव्यवस्था पहले बढ़े, जिसका नेतृत्व युवा करें, जो अपनी नई नौकरियों में मिलने वाले मासिक वेतन से खाद्य पदार्थों, मनोरंजन आदि पर खर्च करने के लिए अधिक इच्छुक हो सकते हैं। हालांकि, यह उन्हें बचत की आदत डालने से रोकता है, जो बारिश के दिनों या कोविड जैसे संकटों के दौरान उपयोगी होती है। हां, सरकार ने राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखने में अच्छा काम किया, उम्मीद से बेहतर जीडीपी वृद्धि और केंद्रीय बैंक से भारी लाभांश भुगतान से उत्साहित। खाद्य पदार्थों को छोड़कर कुल मुद्रास्फीति भी सहनीय स्तरों के भीतर है, जिससे सरकार को कल्याणकारी परियोजनाओं पर खर्च करने के लिए एक सहारा मिल रहा है, जो उसे लगता है कि आवश्यक है। केंद्रीय बजट 24-25 असंतुष्ट मतदाताओं को वापस लुभाने का एक प्रयास है। 4 जून के नतीजों से भाजपा ने जो सबक लिया है, वह यह है कि युवा विशाल मंदिरों, कुछ स्मार्ट चमचमाती ट्रेनों और अपने मेड इन इंडिया फोन में सस्ते मोबाइल डेटा को लेकर उत्साहित हैं।

लेकिन वे तेजी से पैसा कमाने, एक आकर्षक व्यवसाय करने के लिए उत्सुक हो रहे हैं, जो उनकी महत्वाकांक्षी जीवन शैली को आगे बढ़ाए। फिर गठबंधन की राजनीति के दबाव और खींचतान है, जिसमें एनडीए के दो सहयोगी टीडीपी और जेडी(यू) अपने मुख्य निर्वाचन क्षेत्रों की सेवा करने के लिए अपनी इच्छा सूची रखते हैं। एक दीर्घकालिक पासा फेंका गया है, शायद एनडीए 3.0 ने इस बजट के साथ गोल्डीलॉक्स संतुलन हासिल कर लिया है।

## आप की बात

### कारगिल युद्ध की स्मृति

**कारगिल युद्ध** की 25वीं वर्षगांठ पर हम शहीदों को नमन कर रहे हैं। इस युद्ध ने भारत को कई सबक दिए हैं। पहले जहां सैनिकों के पांच पर्याप्त संसाधन, जैसे बुलेट प्रूफ जैकेट और बर्फ में पहनने वाले जूते नहीं थे, वहीं वे आज सबको उपलब्ध हैं। 25 साल में सेना का कायापलट हो गया है और अब उसके पास अनेक आधुनिक संसाधन मौजूद हैं। फिर भी देश की सुरक्षा में लगे सैनिकों के लिए निरंतर नई तकनीकों और मजबूत गुप्तचर तंत्र को अद्यतन बनाने की आवश्यकता है। सेना के भीतर घुसे विदेशी जासूसों या उनको गुप्त जानकारी देने वालों की पहचान कर कठोर दंड देने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नई तकनीक का उपयोग पूरे देश की सीमा पर ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि घुसपैठियों का स्वचालित ढंग से सफाया जा जाए। इस्राइल ने अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए तकनीक का व्यापक विकास कर अनेक ऐसी तकनीकें भारत को भी सौंपी हैं। इनसे उन दुर्गम इलाकों में भी सटीक निगरानी संभव होगी जहां सैनिकों को पहुंचने व गश्त करने में कठिनाई होती है। लेकिन इस्राइल पर हुए भयंकरतम आतंकी हमले से स्पष्ट है कि केवल तकनीक पर निर्भर रहना ठीक नहीं होगा। कारगिल शहीदों को सही श्रद्धांजलि सीमाओं की सुरक्षा को अभेद्य बनाना होगा।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### संघ की बढ़ती स्वीकार्यता

**केंद्र सरकार** ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के समक्ष शपथ पत्र देकर कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में केंद्रीय कर्मचारियों के शामिल होने पर अब केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। संघ एक गैर राजनीतिक संगठन है एवं अन्य संगठनों की तरह इसकी गतिविधियों में याचिकाकर्ता को शामिल होने का पूरा अधिकार है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1966 से संघ की गतिविधियों को राजनीतिक मानकर केंद्रीय कर्मचारियों को इसमें शामिल होने पर प्रतिबंध लगा रखा था। अब यह प्रतिबंध हटा लिया गया है। अपनी प्रखर व स्पष्ट राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण आरएसएस कांग्रेस समेत अनेक ऐसे राजनीतिक दलों के निशाने पर रहा है जो मुस्लिम तुष्टीकरण को अपने वोटबैंक का माध्यम बना कर जनता को संघ के खिलाफ भड़काते रहे हैं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने भारत-चीन युद्ध के समय संघ की प्रशंसनीय भूमिका को देखते हुए उसे गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। संघ के स्वयंसेवक देश में अनेक आपदाओं के समय राहत कार्यों से अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों को संघ के कार्यक्रमों में भाग लेने पर प्रतिबंध का कोई औचित्य नहीं था।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### परीक्षा व्यवस्था

**सुप्रीम कोर्ट** ने नीट यूजी परीक्षा को निरस्त नहीं किया, हालांकि उसने परीक्षा में हुई गड़बड़ी को स्वीकार किया है। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून अलग-अलग राज्य बना रहे हैं। इसके बजाय केंद्र को ही सभी बड़ी परीक्षाओं के लिए पूरे देश में एक कानून लागू करना चाहिए। पेपर लीक व किसी कोचिंग सेंटर के कई छात्रों का अत्यधिक नंबर लाने जैसी विसंगतियों के पुख्ता सबूत हैं। इन विकृतियों को देखते हुए पेपर सेट करने व उनको परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने की एकदम नई व्यवस्था पर विचार होना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया जाए जो एक ही विषय के लिए कई तरह के प्रश्न पत्र बनाएं और यह प्रश्न पत्र परीक्षा से एक घंटे पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन पहुंचाया जाए। इससे परीक्षा में मानवीय दखल पूरी तरह खत्म होने से कोई हेराफेरी संभव नहीं होगी। यदि परीक्षा परिणाम एक सप्ताह में जारी हो जाएं तो शिक्षा माफिया कोई गड़बड़ी नहीं कर पाएंगे। इससे परीक्षाएं पूरी तरह पारदर्शी होंगी। इसके साथ ही इंटरव्यू में भी पक्षपात समाप्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए। परीक्षा व्यवस्था में परिवर्तन के सुझावों पर सभी पक्षों की राय लेकर केन्द्र व राज्यों के स्तर पर प्रभावशाली कदम उठने चाहिए।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### बाढ़ की विभीषिका

**बाढ़ की विभीषिका** अनेक स्थानों पर दिख रही है। फिर चाहे वह मुंबई, पूना, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, यूपी और बिहार हो, हर बाढ़ से मुसीबत आ रही है। पानी घरों में घुस रहा है, सड़कें डूब रही हैं, घरों में दरारें पड़ रही हैं तो कहीं पुल और पहाड़ दरक रहे हैं। यदि बरसाती पानी की संग्रहण व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाए तो कभी पानी की कमी नहीं होगी। लेकिन वर्षा जल के प्राकृतिक संरक्षक, वर्षा को बुलाने वाले तथा भूमिगत जल भंडारों के भरने में सहायक हरे-भरे जंगल कट रहे हैं और हरियाली उजड़ रही है। दूसरी ओर सीमेंट- कंक्रीट के नए-नए जंगल उभर रहे हैं जो पानी के प्राकृतिक बहाव में बाधा डालने के साथ ही बरसाती पानी को भूमिगत जल भंडारों तक पहुंचने से रोकते हैं। इससे सरकारों और जनता को पौधरोपण की याद आती है पर उनकी रखवाली भगवान् भरोसे छोड़ दी जाती है। शहरों में लगे पेड़ों की जड़ें चारों ओर पत्थरों, डामर या कंक्रीट से घिर जाती हैं और पेड़ों की अकाल मौत का कारण बनती हैं। नगर नियोजन, वृक्षारोपण व हरियाली की सुरक्षा में समन्वय बनाना जरूरी हो गया है।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित का लॉकर काटने वाले गिरफ्तार

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित ग्राम ठेलका थाना थानखम्हरिया क्षेत्र की घटना, अंर्तराज्यीय गिरोहा का हाथ

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा ठेलका का लाकर काटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि विगत दिनों थाना थानखम्हरिया क्षेत्र ग्राम ठेलका में स्थित दो दिनों से बंद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा ठेलका का केसीयर पुरुषोत्तम साहू द्वारा 15 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार, रविवार लगातार दो दिनों का अवकाश पड़ने से 12.07.2024 को बैंक के काम काज समाप्त कर बैंक को बंद कर चले गये थे। जिस पर 15.07.2024 को ग्रामिण द्वारा सूचना दिया कि बैंक का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना पाकर प्रार्थी केसीयर एवं बैंक शाखा प्रबंधक एवं सभी कर्मचारी आकर देखे तो बैंक में लगे सीसी कैमरा को काट कर बैंक में रखे लॉकर जिसमें नगदी रकम 31,60,510 रू. रखा था। उक्त तिजोरी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा गैस कटर से काट दिये है कि सूचना पर नवीन कानून के अंतर्गत भारतीय न्याय सहिंता की धारा 305, 331 का अपराध दर्ज किया गया तथा मौके पर फारेंसिक एक्सपर्ट दुर्ग फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, पुलिस डॉग लाकर घटना स्थल का जांच मुआयना कराय गया तथा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू उपस्थित होकर घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपी के पतासाजी हेतू आवश्यक निर्देश देते हुए आरोपी का पता तलाश कर सक्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू, घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर आवस्यक सबुत एकत्रित कराते हुए लगातार अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करने हेतू मार्गदर्शन दिया जाता रहा। तथा सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा अपनी सायबर टीम के साथ गहनता से जांच करते हुए क्षेत्रों में लगे करीब 200 सीसी कैमरों का जांच किया आखिरकार घटना कर फरार आरोपियों का पतासुराग लगाने में पुलिस सफलता हासिल हुई। जिसपर सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी थानखम्हरिया उप निरीक्षक राजकुमार साहू अपनी अपनी टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिये जा रहे मार्ग दर्शन पर कार्यवाही करते हुए अर्न्तराज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ने में सफलता हासिल कर अर्न्तराज्यीय गिरोह के आरोपी 01 आशिष सिंह पिता ठाकुरदास निरंजन मुल निवासी ललितपुर उत्तरप्रदेश वर्तमान डीडी नगर रायपुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में बिहार राज्य के दो साथी महाराष्ट्र नागपुर का एक व्यक्ति एवं अपने साथी लीलाराम सोनकर के साथ घटना करना स्वीकार किया तथा रायपुर से घटना कारीत कराने के लिये आने में प्रयुक्त टोयटा ईटी ऑफ कार तथा बैंक का लॉकर काटने में प्रयोग किये जाने वाले गैस कटर को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत पर भेजा गया। इस कार्यवाही में सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना थानखम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं सायबर टीम के प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक इन्द्रजीत पाण्डेय, राजेश ध्रुव, मोतिलाल जायसवाल, संजय पाटील नुरेश वर्मा, सौरभ सिंह थाना थानखम्हरिया के सहायक उप निरीक्षक सुरेश राजपुत, प्र.आर. सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक तोरण डहरिया, मुकेश चन्द्रवंशी एवं अन्य ने सक्रियता से कार्य करते हुए अर्न्तराज्यीय गिरोह के सदस्य को धरदबोचने में सफलता हासिल किया है।

# केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया का योगेश तिवारी ने एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इस मौके पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। योगेश तिवारी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद रहे । छत्तीसगढ़ आगमन पर केंद्रीय मंत्री ने योगेश तिवारी से कई पहलुओं पर चर्चा भी की। आम जनमानस खासकर युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर पेश केंद्रीय बजट पर योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया को बधाई दी। इस विषय पर चर्चा करते हुए मंडाविया ने बताया कि यह बजट युवाओं और किसानों के रोजगार व सहायता पर केंद्रित है। केंद्र सरकार के बजट पर मनसुख मांडविया ने कहा कि, पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला है। यह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। ये बजट गरीबों को सहायता देने और उद्योगों को बढ़ावा देने वाला है। ये बजट देश की आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने वाला है। किसानों की आय बढ़ानी जरूरी है, इसलिए 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# सांदीपनी एकेडमी में आत्मरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सांदीपनी एकेडमी, अछोटी में 27 जुलाई 2024 को आई. क्यू. ए. सी और जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल के तत्वावधान में आत्मरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों से अवगत कराने के मुख्य उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्या डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने विषय विशेषज्ञ मेजर डॉ.ओम जी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक संत गुरु घासीदास शासकीय महाविद्यालय कुरूद, का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और उनके अनुभवों से लाभान्वित होने की महत्ता पर जोर दिया। एनएसएस सदस्यों डॉ. मीना पांडे, बीरेंद्र टंडन, अंकिता बारवा, रेणु साहू एवं लुबना खान द्वारा डॉ. ओम जी गुप्ता, डॉ. अनीता गुप्ता, डॉ. स्वाति श्रीवास्तव एवं डॉ. संध्या पुजारी का बैज लगाकर स्वागत किया गया । डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा के महत्व को समझना आवश्यक है और इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी । मेजर डॉ. ओम गुप्ता ने कार्यशाला के दौरान आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों और तकनीकों से अवगत कराया और बताया कि आपातकालीन स्थितियों में स्वयं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। सत्रों में डॉ. ओम जी गुप्ता ने आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, यह मानसिक और भावनात्मक सशक्तिकरण का भी माध्यम है। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना है । कार्यशाला में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही और उन्होंने आत्मरक्षा की तकनीकों को अत्यंत उत्साहपूर्वक सीखा। कार्यशाला के अंत में, विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या पुजारी ने मेजर डॉ. ओम गुप्ता का धन्यवाद ज्ञापन किया और इस प्रकार की और भी कार्यशालाओं के आयोजन के प्रति उन्होंने प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे सीखी गई तकनीकों का नियमित अभ्यास करें और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहें। इस सफल कार्यशाला ने छात्रों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी । कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था संचालक महेंद्र चौबे, प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, प्राचार्या डॉ स्वाति श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ संध्या पुजारी, आईक्यूएसी तथा जेंडर सेंसटाइजेशन सेल तथा समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बेमेतरा नगरपालिका परिसीमन पर हाईकोर्ट की रोक



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका परिषद बेमतरा निकाय चुनाव के लिए कराए जा रहे वार्ड परिसीमन को हाइकोर्ट ने रोक दिया है, परिसीमन के विरोध मे सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी ने उच्च न्यायालय मे याचिका दायर की थी जिस पर आज माननीय न्यायलय ने सुनवाई करते हुए इस पर रोक लगा दी । याचिकाकर्ता ने बताया कि परिसीमन का कार्य राजनैतिक लाभ लेने के दृष्टिकोण से किया जा रहा था, वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन करने का राज्य सरकार का आदेश हूवा था जबकि पूर्व में ही वर्ष 2014 और 2019 मे इसी जनगणना को आधार मानकर वार्ड परिसीमन किया जा चुका है इसलिए फिर से परिसीमन का कोई औचित्य नहीं रह जाता ,माननीय न्यायालय ने इन तथ्यों को प्रथम दृष्टया सही मानते हुए वार्ड परिसीमन पर रोक लगा दी है। शहर अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जी निर्देश पर हम परिसीमन पर नजर बनाए हुए थे, त्रुटिपूर्ण वार्ड परिसीमन के प्रथम प्रकाशन पर हमने कलेक्टर बेमेतरा और अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा के सामने आपत्ति भी दर्ज कराई थी साथ ही माननीय न्यायलय का भी दरवाजा खटखटाया था। भाजपा लगातार नियमो को ताक मे रखकर वार्ड की सीमाओं में अनावश्यक तोड़मरोड़ कर अपने राजनैतिक फायदे के लिए वार्ड परिसीमन कराना चाह रही है परंतु भाजपा का यह मंसूबा कभी सफल नहीं होगा, जिस तरह से वार्डो को विभाजित किया जा रहा था इससे आम लोगो में भी नाराजगी देखी जा रही थी।

# जिला स्तरीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की बैठक में लिया गया निर्णय




पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की बैठक हुई बैठक में जिले में ध्वनि प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने और इसके प्रभावों को कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक की शुरुआत करते हुए ध्वनि प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण न केवल कानों के लिए हानिकारक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और हृदय संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने का आह्वान किया। ताकि जिले में ध्वनि प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सभी की जिम्मेदारी है कि हम एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने कानफोडू डीजे पर उच्चतम न्यायालय तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा इस विषय पर दिये गये पूर्व के आदेशों का कड़ाई से पालन करने कहा है। ताकि जो ध्वनि प्रदूषण के खतरे के साथ बच्चे - बीमार- बुजुर्गों को कोई परेशानी ना हो। कलेक्टर ने त्यौहारों पर भी तेज ध्वनि से बजाने वाले बजने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी कार्रवाई करने कहा। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी कड़ाई से पेश आने को कहा । उन्होंने ज़िले के सभी एसडीएम से भी उचित कार्रवाई करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने एएसपी, एसडीओपी और एसएचओ को ज़िले में कानफोडू डीजे -धुमाल(ध्वनि विस्तारक यंत्रों / डीजे तेज ध्वनि) से बजने वाले साउंड पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये है। डीजे तेज ध्वनि से बजाने वालों के ख़िलाफ़ क़तई रियायत ना बरती जाने कहा गया।

## रामाधार मिश्रा का निधन



**बेमेतरा।** बेमेतरा नगरपालिका क्षेत्र के सिंघौरी निवासी सेवा निवृत शिक्षक रामाधार मिश्रा का परलोक गमन 27 जुलाई 2024 दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे हो गया। मिश्रा अपने भरे पूरे परिवार को छोड़कर चले गये ये दीपक मिश्रा, ज्योती मिश्रा, रोषन मिश्रा के पिताजी थे ईनकी अंतिम संस्कार 28 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे सिंघौरी (बेमेतरा) के मुक्ति धाम मे किया जायेगा।

# कलेक्टर ने बरसते पानी में गावों का दौरा कर विकास कार्यों का लिया जायजा







पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बरसते पानी में जिले के डौंडी वनांचल के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर वहाँ चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में लगातार हो रहे बारिश के फलस्वरूप उत्पन्न स्थिति का भी अवलोकन किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौंडी ब्लॉक के ग्राम ओड़गांव में पहुँचकर डेयरी पालक कृषक रामचंद्र राजपूत के डेयरी में पहुँचकर दुग्ध उत्पादन के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पशु पालक कृषक रामचंद्र राजपूत से बातचीत कर उनके डेयरी में कुल पशुओं की संख्या एवं प्रतिदिन होने वाले दुग्ध उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित पशु पालन विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषक रामचंद्र राजपूत को राज्य शासन के डेयरी उद्यमिता विकास योजना से लाभान्वित किया गया है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पशुपालन विभाग के उपसंचालक को ओड़गांव एवं आसपास के अन्य कृषकों को भी डेयरी पालन की जानकारी देने तथा राज्य शासन के डेयरी उद्यमिता विकास योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिससे की वनांचल के पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके एवं समुचित मात्रा में दुग्ध उत्पादन हो सके। कलेक्टर इंद्रजीत सिंब चन्द्रवाल ने पशुपालन के उप संचालक को घोटिया अंचल के पशुपालकों के द्वारा उत्पादित किए जाने वाले दुग्ध को जिला मुख्यालय बालोद में स्थित दुध गंगा तक पहुँचाने हेतु परिवहन की भी उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### जेजेएम कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश

इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ग्राम ठेमाखुर्द में पहुँचकर अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा कर ग्राम ठेमाखुर्द में जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। सरपंच एवं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम ठेमाखुर्द में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हो चुका है और सभी घरों में समुचित मात्रा में पानी पहुँचने की जानकारी दी। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जल जीवन मिशन के कार्यों का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठेमाबुजुर्ग में पहुँचकर उपस्वास्थ्य केन्द्र के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चंद्रिका साहू से अस्पाल में प्रतिदिन आने वाले मरीजों एवं टीकाकरण के लिए कुल पंजीकृत बच्चों की संख्या एवं प्रसुति आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्वास्थ्य केन्द्र के ओपीडी, स्टोर रूम, टीकाकरण कक्ष आदि का भी अवलोकन किया।

### किसानों को की विभिन्न कीटनाशक दवाइयां प्रदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ग्राम पचेड़ा में पहुँचकर जैविक खेती करने वाले किसानों से बातचीत कर ग्राम पचेड़ा एवं आसपास के ग्रामों में जैविक खेती के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ग्राम पचेड़ा के किसानों को जैविक खेती योजना अंतर्गत कृषि आदान सामाग्रियों का भी वितरण किया। इसके अंतर्गत कलेक्टर ने किसानों को खरपतवार नियंत्रण हेतु हस्तचलित यंत्र पैडीवीडर एवं किटनाशक, फफूंदनाशक आदि विभिन्न कीटनाशक दवाइयां प्रदान की। उन्होंने मौके पर उन्होंने मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को कीटनाशक दवाइयों की प्रयोग की जानकारी किसानों को प्रदान को कहा। इस मौके पर उप संचालक कृषि एसएन ताम्रकार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रदेशभर में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से : रतिराम कोसमा

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की लचर होती कानून व्यवस्था के खिलाफ विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर में विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया। जिसमें डौंडी लोहारा विधानसभा से भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस उम्मीद से भाग लिया था कि, इस कार्यक्रम के बाद सरकार की कुंभकर्णी नींद टूटेगी और क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशाखोरी, हत्या, छेड़छाड़, जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी। लेकिन विधानसभा घेराव के एक दिन बाद ही डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के एक नेता के फार्म हाउस में शराब खोरी के बाद हत्या जैसा जघन्य अपराध की घटना घट गई। पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी होने की जानकारी प्रेस के माध्यम से सबको दे रही है। लेकिन हत्या के कारण को दूर करने का कोई प्रयास बालोद पुलिस करती नजर नहीं आ रही है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने यह बातें कही। उन्होंने आगे बताया कि संपूर्ण जिले में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हुए लोगों के फार्म हाउस में लोग खुलेआम शराब सेवन कर झगड़ा के बाद हत्या जैसा जघन्य अपराध करने से नहीं चूक रहे हैं ।यही स्थिति कमोबेश पूरे जिले में है। बालोद जिला पुलिस अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के बजाय ऐसा लगता है कि अपने देखरेख में इस अवैध शराब कारोबार को फलने फूलने देना चाहती है। हम पुलिस एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि अपराधों की जननी अवैध शराब बिक्री को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का सुव्यवस्थित संचालन हेतु हुई बैठक

**बेमेतरा।** बेमेतरा एवं खंडसरा परियोजना में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में विभागीय गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए जिला स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु स्व-मूल्यांकन हेतु 22 बिंदु जिला स्तर पर तैयार कर जिले के सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को दिया गया है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुव्यवस्थित एवं एकरूकता के साथ किया जा सके। 22 बिंदु के माध्यम से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की ग्रेडिंग भी होगी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्र की स्व-मूल्यांकन कर सकेगे। परियोजना स्तर पर परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका प्रशिक्षण सह परिच्यात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

# अमरकंटक से जल लेकर आ रहे कावड़ पद यात्रियों का रास्ते के गांवों में किया जा रहा है स्वागत

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पद यात्री कांवड़ियों के लिए 20 से अधिक स्थानों में नि:शुल्क ठहरने और गर्म पानी, चाय और बिस्किट की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

अमरकंटक से जलेश्वर बाबा डोंगरिया, बाबा भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव के लिए जल लेकर आ रहे कावड़ पद यात्रियों का रास्ते के गांवों श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के आह्वान पर जनप्रतिनिधि, ज़िले के अधिकारी-कर्मचारी, गांवो में ग्रामीणजन स्टाल लगा कर कावड़ पद यात्रियों का सम्मान और स्वागत कर स्वल्पाहार भी करा रहे हैं। आज भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के सामने मुख्य मार्ग पर काँवरियों का पूजा अर्चना, पुष्प वर्षा के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया गया। प्रबंध संचालक गौरीशरण शर्मा ने माँ नर्मदा की अर्चना की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं निगरानी में गठित जिला बोल बंम समन्वय समिति के सदस्य सुधीर केशरवानी, दौवा गुप्ता, निशांत झा ने बताया कि कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए अमरकंटक से लेकर रास्ते में पड़ने वाले सभी पंचायतों में निःशुल्क ठहरने और गर्म पानी, चाय और बिस्किट की समुचित व्यवस्था की जा रही है। आज बोल बम समिति ग्राम मानिकपुर के 70 कांवड़ियों को ग्राम राजानवागाँव के सामुदायिक भवन में निःशुल्क ठहरने और गर्म पानी, चाय और बिस्किट का व्यवस्था किया गया।

### कांवड़ियों के लिए नि:शुल्क ठहरने और जलपान की व्यवस्था

उपमुख्यमंत्री शर्मा के निगरानी में अमरकंटक से वनग्राम होते हुए आने वाले कांवड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं सहयोग के लिए दल का गठन भी किया गया है। अमरकंटक से लेकर कवर्धा तक लगभग 150 किलोमीटर की इस यात्रा के बीच लगभग 20 से अधिक अलग-अलग स्थानों में कावड़ियों के लिए विश्राम करने के लिए इंतजाम किया गया है। इन स्थानों में कांवड़ियों के लिए निःशुल्क ठहरने और गर्म पानी, चाय और बिस्किट और स्वास्थ सुविधा मुहैया की व्यवस्था किया जा रहा हैं।







# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ऐंठे लाखों रूपये ठगी के पैसों से खरीदी कार, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले की जूटमिल पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के द्वारा ठगी के पैसों से एक कार की खरीदी की गई थी उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाजीराव महरापारा में रहने वाले मनोहर दास महंत ने 20 जुलाई को थाने में रूपराज मानिकपुरी के खिलाफ नौकरी के नाम पर 03 लाख रूपयों की ठगी कर फरार हो जाने की शिकायत की थी।



### खाद्य विभाग में नौकरी लगाने की कही थी बात

पीड़ित ने बताया वर्ष 2021 में उसके परिचित रूपराज मानिकपुरी द्वारा रायपुर मंत्रालय में नौकरी करना और मंत्रियों से अच्छी जान पहचान बताकर 3 लाख में खाद्य विभाग में नौकरी लगा देने की बात कही थी।सरकारी नौकरी के प्रलोभन में आकर रूपराज के कहने पर उसके और उसकी पत्नी सरिता मानिकपुरी के खाते में अपने जीजा और छोटी बहन के खाते से रुपए ट्रांसफर की थी और कई बार रूपराज मानिकपुरी को रायगढ़ में 10,000-5,000 रूपये भी दी थी।

### 3 लाख लेकर दिया पावती

मनोहर महंत ने बताया कि उसे नौकरी के नाम पर रूपराज 3 लाख लेकर केवल आवेदन का पावती दिया है, जब मनोहर अपने स्तर पर रायपुर जाकर पता किया तो रूपराज मानिकपुरी किसी मंत्रालय में कार्यरत नहीं है बल्कि उसने झूठा आश्वासन देकर धोखाधड़ी किया है। शिकायत जांच में गवाहों द्वारा रुपए भेजने और आरोपी रूपराज के खाते में रुपए ट्रांसफर होना पाए जाने से आरोपी पर थाना जूटमिल में धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार था। मुखबीर से आरोपी को रायपुर में देखने की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम रायपुर आरोपी की पतासाजी के लिए दबिश दिया गया और आरोपी के मिलने पर उसे हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया है।

### ठगी के पैसे से खरीदी सेंकड हैण्ड कार

आरोपी ने पूछताछ पर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया और बताया कि उसने ठगी के रूपयों से एक सेंकड हैण्ड इंडिगो कार सीजी 04 केआर 1251 खरीदी है, जो एक्सीडेंट के बाद गैरेज में खड़ी है। आरोपी रूपराज मानिकपुरी उम्र 35 साल निवासी ग्राम छांछी कसडोल थाना बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार हाल मुकाम अशोक नगर मारुति जिम के पास श्रीराम गडरिया का किराया मकान गुढ़ियारी जिला रायपुर के मेमोरेंडम पर इंडिगो कार जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को पकडने में जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में एएसआई नरेन्द्र सिदार और आरक्षक तरूण महिलाने की अहम भूमिका रही है।

# डायरिया के प्रकोप से हो रहे हैं मरीज परेशान, मामला पूरा छत्तीसगढ़ का

### जिला से कम मात्रा में दवाई आवक का मामला

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मौसमी बीमारी से हो रही है डायरिया खानपान पर ध्यान दिया जाए तो डायरिया से बच्चाा सकता है। इसका प्रकोप छत्तीसगढ़ के हर जगह देखने को मिल रहा है और सभी हॉस्पिटल में डायरिया के मरीज होने से उन्हें बिस्तर मिलना मुश्किल हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में यह देखने को मिल रहा है, कि डायरिया के मरीज रोज आ रहे हैं उनके रहने के लिए सही रूप से बिस्तर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है मरीज के परिजन का कहना है कि हम लोगों को मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही है यहां तक यह बात सामने आई है कि जैजैपुर ब्लॉक में मरीज के लिए दवाई का अभाव महसूस हो रहा है। जब हमने प्रभारी खन्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमाशंकर साहू से जानकारी लिया तो उन्होंने बताया है कि हमने जिले से मांग 2000 दवाइयां के लिए आडर किया, लेकिन जिले वालों ने केवल 200 दवाई पैकेट ही भेजी यह केवल 9-10 दिनों के लिए मरीज को मिल पाएगा। इस तरह से देखा जाए तो यहां पर अधिकांश मरीज लोग मेडिकल स्टोर का सहारा ले रहे हैं क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में कम रूप से दवाई सप्लाई होने का आरोप लगा हुआ है यह स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है तो आप उप स्वास्थ्य केंद्र में क्या हाल होगा इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी को यह भी संज्ञान लेना चाहिए कि मरीज के लिए और भी वार्ड बढ़ाया जाए जो वार्ड नवनियुक्त बना हुआ है उसमें भी मरीज को शिफ्ट किया जा सके ताकि मरीज लोगों को बिस्तर उपलब्ध हो सके है। विकास खंड स्तर का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है यहां मरीज तो बहुत आते हैं लेकिन सही रूप से उन्हें ओपीडी से दवाई नहीं मिल पाती और मेडिकल स्टोर का उन्हें सहारा लेना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है। जिनके वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर को ऊंट के मुंह में जीरा के समान दवाई जिला से प्रदान हो रही है। यहां देखने वाली बात यह है कि छत्तीसगढ़ शासन को पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य केदो में दवाई का वितरण करना चाहिए ताकि मरीज को पर्याप्त मात्रा में दवाई मिल सके।



# इंटरनेट पर अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने वाले हैं एनसीआरबी की रेडार पर

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े कंटेट एक्सेस करने वाले और शेयर करने वालों पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की निगरानी पर हैं। प्रायः देखा जा रहा है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद भी लोगों मोबाइल पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के कंटेंट देखते और शेयर करते हैं। ऐसे सभी सोशल साइट राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की निगरानी में हैं, जो सोशल साइट पर ऐसे कंटेंट, फोटो, वीडियो शेयर करने वालों को चिन्हांकित कर उन पर आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) कार्यवाही करती है। इसी कड़ी में एनसीआरबी द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को प्रेषित साइबर टीप लाइन जांच हेतु थाना घरघोड़ा को प्राप्त हुई। जांच पर पाया गया कि मोबाईल नंबर 626336... का धारक 16 जून 2022 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो अपलोड किया गया था, उक्त विडियो चाईल्ड पोर्नोग्राफी की श्रेणी का पाये जाने पर 25 जुलाई को थाना घरघोड़ा में मोबाईल नंबर 626336... के धारक आरोपित संजय कुमार राठिया पर धारा 67 (बी) आईटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान विधिवत सीडी का पंचनामा तैयार कर आरोपी संजय कुमार राठिया पिता पवन कुमार राठिया उम्र 24 वर्ष सा. औराईमुड़ा, थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) को सरल शब्दों में इस प्रकार समझा जा सकता है कि कोई व्यक्ति अश्लील या अभद्र या यौन रूप से स्पष्ट रूप से बच्चों को चित्रित करने वाले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में पाठ या डिजिटल चित्र बनाता है, एकत्र करता है, खोजता है, ब्राउज करता है, डाउनलोड करता है, विज्ञापन करता है, प्रचार करता है, आदान-प्रदान करता है या वितरित करता है। वह आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) के तहत दोषी होगा। इस अपराध में पहली दोषसिद्धि पर दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकती है और जुर्माने से, जो दस लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और दूसरी या पश्चात्वर्ती दोषसिद्धि की दशा में, दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि हो सकती है, दंडित किया जाएगा। सात साल तक का विस्तार और जुर्माना जो दस लाख रुपये तक हो सकता है।



# कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं चांपा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

27 जुलाई कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं नगर पालिका परिषद चांपा में आयोजित जन समस्या निवारण पखवाड़ा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शिविर में पहुंचकर वहां उपस्थित आमजनों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने चांपा में लगाए गए जन समस्या निवारण पखवाड़ा में शामिल होकर शिविर में आवेदन लेकर आये आम नागरिकों से उनकी मांगों एवं समस्याओं को जाना और अधिकारियों को निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सीएमओ भोला सिंह, तहसीलदार पुलकित साहू एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत नरियरा के पटवारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए नामांतरण, सीमांकन एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शत प्रतिशत ई-केवायसी करने और आवेदन लेकर खातेदारों के नाम समय सीमा में जोड़ने कहा अन्यथा सख्त कार्रवाई करने कहा एवं संबंधित तहसीलदार को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## गांव के स्कूलों को 15 अगस्त को बम से उड़ाने की धमकी

**रायगढ़।** नवगठित सारंगढ़ जिले में गांव के सभी स्कूल को 15 अगस्त को बम से उडाने की धमकी भरे मैसेज मिलने का मामला सामने आया है। प्रधान पाठक ने मामले की शिकायत थाने में की है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को यह मामला किसी सिरफिरे की करतूत लग रही है। पुलिस इस एंगल पर भी मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरमकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोईरडीह गांव में शुक्रवार की सुबह शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के ब्लैकबोड में एक धमकी भरे मैसेज मिलने के बाद से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अज्ञात शरारती तत्वों ने खिड़की के जरिये स्कूल में प्रवेश करते हुए स्कूल के ब्लैकबोर्ड में लिखा है कि चेतावनी स्कूलों का खात्मा, गांव के सभी स्कूल को नष्ट कर दूंगा, गांव में एक भी स्कूल नही रहेगा, मै प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर स्कूल का नामो निशान मिटा दूंगा, गांव में एक भी स्कूल न रहे, मै स्कूलों का नामोनिशान मिटा दूंगा, 15 अगस्त में पहले बम फटेगा तीनों स्कूलों में तैयार हो जाओ। गांव के शासकीय स्कूल के ब्लैकबोर्ड में इस तरह के धमकी भरे मैसेज के बाद से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। स्कूल के प्रधान पाठक ने उक्त मामले की शिकायत बरमकेला थाने में की है जिसके बाद पुलिस स्कूल पहुंचकर मामले को गंभीरता से जांच में जुट गई है।



# नेशनल हाईवे 49 पर कोयला लोड़ ट्रेलर में अचानक लगी आग

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नेशनल हाईवे 49 ग्राम कुनकुनी के पास कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीसी 13 एक्यू 9156 के सामने चक्का में अचानक आग लग जाने से ट्रेलर वाहन का चालक भय से ट्रेलर को छोड़कर मौके से भाग गया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान रोड़ से गुजर रहे थाना खरसिया के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और आरक्षक राम भजन राठिया ने जलते ट्रेलर को देखे। वाहन में लगी आग डीजल टैंक की ओर बढ़ रही थी। मौके के नजाकत को भांपते हुए तत्काल पुलिसकर्मियों ने नजदीकी पेट्रोल पंप से फायर ऑप्टिकल लाकर आग के खतरे की परवाह किये बगैर आग को बुझाने लगे जिसे देखकर हाइवे से गुजर रहे अन्य ड्राइवरों ने भी पानी लाकर आग में काबू पाया जिससे बड़ी घटना होते होते टल गयी।



## वर्ष से फरार आरोपी को पकड़ने में बिर्रा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

पीड़िता 14.06.22 को रात्रि में खाना खा कर कमरे में सो गई थी। सुबह उसके परिजनों के द्वारा देखा तो घर पर नहीं थी। आसपास पता तलाश किए पता नहीं चला की रिपोर्ट पर 15.06.22 को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बिर्रा में अपराध कमांक 88/22 धारा 363 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पता चला कि पीड़िता को आरोपी रमेश पटेल पिता हीरा लाल पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी सिलादेही द्वारा बहला फुसला कर भगाकर जम्मू कश्मिर तरफ ले जाकर दैहिक शोषण किया था, की सूचना पर बिर्रा पुलिस द्वारा पूर्व में पीड़िता को जम्मू काश्मीर से बरामद किया जा चुका है। प्रकरण की विवेचना के दौरान धारा 366 (क), 376 भादवि तथा धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़कर विवेचना की गई।



# कारगिल योद्धा राजपूताना राइफल के हवलदार गुलाबन सिंह ठाकुर का पुलिस कार्यालय में किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजपूताना राइफल में हवलदार रहे गुलाबन सिंह ठाकुर का पुलिस कार्यालय रायगढ़ में शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। गुलाबन सिंह ठाकुर गौरवशाली भारतीय सेना के राजपूताना राइफल में हवलदार थे।

वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में गुलाबन अपने बटालियन की टुकड़ी के साथ ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा किये पाकिस्तान की सेना को पीछे खदेड़ा गया था। पुलिस अधिकारियों से भेंट के दौरान गुलाबन सिंह ने कारगिल युद्ध को याद कर बताये कि कैसे उनकी बटालियन ने दुश्मनों को देश की सीमा से खदेड़ा था, युद्ध के समय एक बम धमाके में उन्हें चोटें भी आयी थी।

गुलाबन सिंह वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी में अपने माता-पिता धर्मपत्नी और 3 बच्चों के साथ निवासरत हैं। गुलाबन सिंह के बच्चे भी पिता की तरह देश सेवा में जाना चाहते हैं। गुलाबन ने बताया कि वे चाहते हैं कि हमारे नौजवान भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास को जाने और देश की सेवा में जायें। सम्मान कार्यक्रम में सभी ने पुष्पगुच्छ देकर गुलाबन सिंह को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाये दिये। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, निरीक्षक सुखनंदन पटेल, रोहित बंजारे, शीघ्र लेखक अशोक देवांगन,

## रिमझिम बारिश से जनता हो रही परेशान



**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में लगातार तीन दिनों से रिमझिम बारिश होने से आम जनता काफी परेशान हैं। क्योंकि लोग कहीं आ सकते हैं ना जा सकते हैं सभी लोगों में परेशानी हैं वही मवेशी भी घर से निकाल नहीं पा रहे हैं। तो आम जनता का क्या कहना जबकि पशु का यह हाल है छात्र लोगों को भी आने जाने में परेशानी हो रही है। रिमझिम बारिश से सभी लोग त्रस्त हैं इसका असर स्वास्थ्य में भी पढ़ रहा है जिनके कारण लोग बिमार होकर स्वास्थ्य केंद्र का शरण ले रहे हैं।

## पंडित नानक चंद का निधन

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत भंवरेली के प्रतिष्ठित नागरिक राम कथा व भागवत कथा वाचक पंडित नानक चंद का 68 वर्ष की आयु में 19 जुलाई को देहावसान हो गया है उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ती धाम में किया गया उनका मुखाग्नि उनके पुत्र नीलेश दुबे ने दी है अंतिम संस्कार में भारी संख्या में रिस्तेदार व ग्रामीण उपस्थित रहे।




# कार्यालय नगर पंचायत रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

e-mail : cmoramanujganj@rediffmail.com

क्रमांक/28/लो.नि.व./न.प./2024 रामानुजगंज, दिनांक 26/07/2024

## // द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से त्रिलिफाफा पद्धति में स्वीकार किया जायेगा।

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 05.08.2024 समय सायं 4.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 09.08.2024 समय सायं 4.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 13.08.2024 समय सायं 3.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 13. 08. 2024 समय सायं 4.00 बजे से

कार्य का विवरण

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि टी.डी.आर. | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में गोविन्द गुप्ता घर से वाड्रफनगर रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.74 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में शिशु मंदिर चौक से लरंगसाय चौक प्रतिक्षालय तक पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य। | 4.52 | 4600.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 02 में संतोष गुप्ता घर से पुलिया तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 0.91 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 03 में विनोद लाल घर से सीसी रोड तक घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.74 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 5 | वार्ड क्र. 03 में मेन रोड से गौ-मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.06 | 3100.00 | 750.00 | 03 माह |
| 6 | वार्षिक निविदा (Road SOR 2015) निर्माण कार्य। वित्तीय वर्ष 2024-25 वार्ड क्रमांक 08 से 15 तक | 19.95 | 15000.00 | 750.00 | 12 माह |
| 7 | वार्ड क्र. 03 में मुख्य सड़क से मुखदेव मिस्त्री, जगदम्बा गुप्ता मार्ग में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.98 | 3000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 8 | वार्ड क्र. 03 में जेल रोड के पीछे से छठू कश्यप घर से मेन रोड तक घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 4.52 | 4600.00 | 750.00 | 03 माह |
| 9 | वार्ड क्र. 04 में गोकुल होटल से सत्यनारायण सिंह घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.95 | 4000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 10 | वार्ड क्र. 05 में विरेन्द्र सिंह घर से अनील श्रीवास्तव घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.22 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 11 | वार्ड क्र. 06 में राजकुमारी घर से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 2.09 | 2100.00 | 750.00 | 03 माह |
| 12 | वार्ड क्र. 07 में शिवम् लॉज से श्यामकुशल पाडेय घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.48 | 3500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 13 | वार्ड क्र. 08 में बडकू मिंया घर से रफीक टेलर्स घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। | 5.22 | 5300.00 | 750.00 | 03 माह |
| 14 | वार्ड क्र. 09 में संतोष गुप्ता घर से मुकेश जायसवाल घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.04 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 15 | वार्ड क्र. 10 में विभिन्न स्थलों पर पटिया निर्माण कार्य | 2.01 | 2100.00 | 750.00 | 03 माह |
| 16 | वार्ड क्र. 11 में प्रकाश आटा चक्की से अरूण केशरी दुकान तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 1.52 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 17 | वार्ड क्र. 12 में दीलीप गुप्ता घर से नवल केशरी घर तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य। | 4.18 | 4200.00 | 750.00 | 03 माह |
| 18 | विभिन्न वार्डो में बोर खनन कार्य। | 10.00 | 7500.00 | 750.00 | 12 माह |
| 19 | वार्ड क्र. 13 में महुआ पेड़ समीप से सतेन्द्र प्रजापति घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.87 | 2900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 20 | वार्ड क्र. 13 में विभिन्न स्थलों पर पटिया निर्माण कार्य | 0.98 | 2000.00 | 300.00 | 03 माह |
| 21 | वार्ड क्र. 13 में ओमकारेश्वर महादेव मंदिर से महुआ पेड़ तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.69 | 3700.00 | 750.00 | 03 माह |
| 22 | वार्ड क्र.14 में पासवान, कुशवाहा मुहल्ले से पावर हाउस रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 4.39 | 4400.00 | 750.00 | 03 माह |
| 23 | वार्ड क्र. 15 में रामजी गुप्ता घर से जवाहिर कश्यप घर तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य। | 4.45 | 4500.00 | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्ते/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निमाण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी www.cg.uad.gov.in मे देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत रामानुजगंज जिला
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

# बालको ने बच्चों के लिए हृदय रोग संबंधित जांच शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर के सहयोग से सोनपुरी के आंगनवाड़ी केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर-जन्मजात हृदय रोग के लिए आयोजित किया गया। समुदाय में बच्चों के हृदय रोग संबंधित स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिविर में 0-14 वर्ष के बच्चों की निःशुल्क जांच और दवाईंया दी गई। शिविर में लगभग 216 बच्चों का प्राथमिक एवं हृदय संबंधित जांच किया गया।

डॉ. योगेश साठे (बाल हृदय रोग विशेषज्ञ), श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर और डॉ. जया कुमार (बाल रोग विशेषज्ञ), बालको अस्पताल के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सहायक स्वास्थ्य कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने आंगवाड़ी केंद्र पर बच्चों की प्राथमिक जांच की। प्राथमिक जांच (सर्दी खांसी वजन, सांस, धमनी गति) ईसीजी एवं हाई डेफिनिशन स्टेथोस्कोप की मदद से स्क्रिनिंग के दौरान लगभग 16 बच्चों में संभावित हृदय रोग के लक्षण की पहचान की जा सकी। सभी बच्चों को बालको अस्पताल में लाकर उनका 2डी इको जांच की गई। कंपनी के सहयोग से सत्य साई बच्चों को संभावित बच्चों का समय-समय पर निरंतर जांच करेगा। जरूरत पड़ने पर बच्चों का निःशुल्क ईलाज भी किया जाएगा। पहल का उदेश्य प्रांरभिक दौर में ही जन्मजात हृदय रोग का पता लगाना जिससे पीड़ित शिशुओं को समय पर इलाज मिल पाए।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने स्वास्थ्य अभियान के प्रभाव पर कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से जन्मजात बच्चों में दिल संबंधित रोगों को जल्द पहचान कर उनका निदान किया जा सकता है। बच्चे देश का भविष्य हैं उनके स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

डॉ. योगेश साठे ने कहा कि बालको के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो सका जो हमार संस्थान के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य सभी जरूरतमंद को निशुल्क इलाज प्रदान करना है। डॉ. योगेश ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग का पता लगने से हम समय रहते बच्चे का ईलाज सुनिश्चित कर पाते हैं। जागरूकता और संसाधनों को बढ़ावा देने से शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में विशेष हृदय देखभाल और जाँच कार्यक्रम के बेहतर स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढाँचे की को मजबूत किया जा सकता है। बालको की मदद से समुदाय में जन्मजात हृदय रोग संबंधित जागरूकता अभियान को बढ़ावा मिला है।

सोनपुरी की सरपंच मीना बाई कंवर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको और श्री सत्य साई अस्पताल के इस पहल ने हृदय रोग संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया। शिविर से हमारे गांव के बच्चों को लाभ मिला। माता-पिता ने बच्चों को लेकर इसमें पूरा सहयोग किया। शिविर से जन्मजात हृदय रोग संबंधित जांच की व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है। बालको और श्री सत्य साई अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने कहा कि आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी।

बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हर 15 दिनों में दो मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी संचालित करती है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। आरोग्य परियोजना के उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 49000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

# मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बारिश को देखते हुए मलेरिया संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने चिकित्सा अमले को पूरी सतर्कता एवं सक्रियता के साथ मलेरिया के रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा ने बताया कि मलेरिया एक जानलेवा मच्छर जनित रक्त रोग है, जो मादा एनोफिलेज़ मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया होने पर मरीज में बुखार आना, सर दर्द होना, उल्टी होना, मन का मचलना, ठंड लगना, चक्कर आना, थकान पेट दर्द आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया का ईलाज और रोकथाम संभव है। मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए उचित कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मैदानी स्तर पर फोकस एरिया का चिन्हांकन, मलेरिया के संदेहास्पद रोगियों की रक्त जांच, आर.डी. टेस्ट, माइक्रोस्कोपिक जांच के माध्यम से मलेरिया पैरासाइट स्टेज एंड डेंसिटी का पता लगाना, स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट कर रैपिड फीवर सर्वे, सुदूर वनांचल सहित स्कूल, छात्रावास हाट बाजार आदि स्थलों में कैंप लगाकर मलेरिया प्रकरणों की जांच, लार्वा नियंत्रण कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है तथा मलेरिया की रोकथाम के प्रति आमजनों को जागरुक भी किया जा रहा है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए मच्छरों पर नियंत्रण तथा उनके काटने से बचाव जरूरी है, इसलिए हमें घरों और अपने आस-पड़ोस में अच्छी सफाई रखनी चाहिए।

# बंधन बैंक का कुल कारोबार 22% बढ़कर हुआ 2.59 लाख करोड़ रुपए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 22% बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया। कुल जमा में अब बैंक की खुदरा हिस्सेदारी लगभग 69% है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक बढ़त वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है। बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है।

Bandhan Bank

बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 77,500 है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23% की बढ़त हुई। कुल जमाराशि अब 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि कुल एडवांस 1.26 लाख करोड़ रुपए हैं। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि के 33.4% है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.7% है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक के एमडी और सीईओ रतन कुमार केश ने कहा, साल की पहली तिमाही हमारे कारोबारी प्रदर्शन का प्रमाण है, जिसे हम पूरे साल बनाए रखना चाहते हैं। हमने प्रमुख मापदंडों में स्थिरता और वृद्धि का प्रदर्शन किया है। बंधन बैंक की नींव उसके ग्राहकों के भरोसे और उसके कर्मचारियों की अटूट प्रतिबद्धता पर टिकी है। ये आधारशिलाएँ, प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया, उत्पाद और लोगों पर ध्यान देने के साथ, बंधन बैंक 2.0 के विकास पथ को आगे बढ़ाएँगी।

# शहीदों के नाम पौधारोपण कर मनाया गया कारगिल विजय दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ करगी रोड कोटा
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा में कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती पर वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं उनके नाम पर शाला प्रांगण में पौधारोपण कर उन्हें भाव में श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पूजन अर्चन के साथ प्राचार्य संस्था की प्राचार्य आशा दत्ता मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी निर्मला बंजारे व्याख्याता तथा उपस्थित गणमान्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री सुलेश पांडेय पूर्व पार्षद अंजना चौकसे, पूर्व एल्डरमैन गणेश गुप्ता



गन्नू एवं संस्था के सभी वरिष्ठ व्याख्याता शिक्षक गण हुआ बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य आशा दत्ता द्वारा वर्ष 1999 में कारगिल विजय हमें किस प्रकार मिली, भारतीय सेना के शौर्य गाथा, वीरता एवं बलिदान का उन्होंने विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि आज का दिन हमें अपने उन वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा सुमन अर्पित करने एवं उनके बलिदान को सदैव याद रखते हुए देश के लिए अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार से उन्होंने छात्राओं व सभा को देशभक्ति पूर्ण भावों से प्रेरित किया। तत्कालीन बिलासपुर जिला वर्तमान में मुंगेली जिला के शाहिद धनंजय सिंह राजपूत की याद उनके नाम पर शाला प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इससे अमर शहीदों के प्रति हमारी हमारी श्रद्धांजलि व पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ-साथ शिक्षा सप्ताह के पंचम दिवस कौशल विकास पर श्वेता स्वर्णकार शिक्षिका द्वारा स्किल पर छात्राओं का कार्यक्रम एवं एस. के. साहू व्याख्याता द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी पर स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित कर विस्तार से छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण सहायता एनजीओ सुधा प्रवाह संस्था की सुधा शर्मा एवं पूनम शर्मा बिलासपुर द्वारा एन एस एस के सहयोग से मलेरिया एवं डायरिया से जन जागरूकता ही बचाव है कि छात्राओं को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

**कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता डॉ. रामबाबू गुप्ता द्वारा किया गया।**

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) की कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता निर्मला बंजारे, व्याख्याता रक्षा दुबे व्याख्याता जी. एस. केसर, व्ही. एन. पालके, एस. के. साहू, राकेश शर्मा, श्वेता स्वर्णकार, दीपक राजवाड़े विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनिल का डड़सेना समाज के युवाओं ने किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

बहुचर्चित छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के मुख्य अभिनेता अनिल का डड़सेना समाज बस्तर संभाग युवा प्रभाग के द्वारा उनके कांकेर आगमन पर सिटी सेंटर व शहर के पुराना बस स्टैण्ड में फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत कर उन्हें बधाई दी। अभिनेता अनिल सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अनिल ने कहा कि हण्डा फिल्म की सफलता के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की ओर से लगातार ऑफर भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी अगली फिल्म दस्तावेज भी पूर्ण हो चुकी है, जो सिनेमाघरों में अक्टूबर में प्रदर्शित होगी। डड़सेना समाज युवा प्रकोष्ठ के संभागीय उपाध्यक्ष सुरेश नाग के नेतृत्व में समाज के युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी सेंटर में उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सुरेश नाग ने कहा कि हमारे समाज के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, अनिल सिन्हा डड़सेना कलार समाज का गौरव बढ़ाया है, जो निश्चित ही सम्मान के पात्र हैं। इस दौरान अनिल सिन्हा के पिता नरहरपुर डड़सेना कलार समाज के ब्लाक अध्यक्ष मनीराम सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ संभागीय सचिव वीणा जैन, महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष विद्या सिन्हा, रूपेश नाग, ब्लाक सचिव शिवेन्द्र जैन, प्रशांत सिन्हा, तारस सिन्हा, दीपांशु जैन, ओमकृष्ण जैन, योगेश जैन आदि मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क और क्षतिग्रस्त पुल से होकर गुजरने को राहगीर मजबूर, कभी भी हो सकता है हादसा

## कोहका व घुलघुल मार्ग से राहगीरों को हो रही हैं बड़ी परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

जिला रायपुर के तिल्दा जनपद के ग्राम कोहका व घुलघुल जाने वाले मार्ग में दोन्द बना हुआ था, जो कि अभी लगातार बारिश होने के कारण अस्त व्यस्त हो गया है। जिसमें ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस पुल को बनवाने के लिए भी असवसन मिल जाता हैं लेकिन हर वर्ष की तरह पुल को रिपेरिंग कर दिया जाता हैं, जिसके चलते आप खुद इस तस्वीर से देख सकते हैं, इसी पुल के टूटने से खेत खलिहान उफान पर, पुल टूटने पर बच्चों को स्कूल आने जाने को हो रही हैं बड़ी परेशानी, व यहीं से भी ग्रामीण ड्यूटी यहां मार्ग से जाते हैं व आते हैं, जिसके चलते ऐसे में रात में तो बड़ी दुर्घटना होने का संभवना हैं, आपको बता दें कि अगर इस मार्ग में बड़ी गाड़िया चली तो दुर्घटना होना निश्चित है, क्यों कि बड़ी बड़ी गड्ढा होने के कारण बड़ी गाड़ी चलने में असमर्थ हैं, व अभी इस मार्ग से चलाने के लिये फील हाल बोरी से मिट्टी डालकर ग्रमीणों ने दुर्घटना



ना हो कर के गड्ढों को बराबर कर दी है इस नाले के पुल टूटने से किसानों को भी हो रही हैं, बड़ी परेशानियां क्योकी खेत मे टेक्टर ही नहीं जा पा रही हैं, क्योंकि गड्ढा व खेतों में पानी भी उफान पर जिसके चलते ग्राम घुलघुल के ग्रामीणों को इस मार्ग में चलना मुश्किल हो रही हैं।

# पुलिस ने विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया यातायात का पाठ




पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नियमों से न करें खिलवाड़ पुलिस ने विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया यातायात का पाठ शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा कई नियम बनाए गए हैं। लेकिन, बहुत कम लोग ही हैं, जो इसे फॉलों करते है। आज कल तो नाबालिग बच्चे भी सड़कों पर तेज रफ्तार में वाहन चलाने लगे हैं। जिसके चलते कई बड़े हादसे हो जाते हैं, और लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसी कड़ी में सिमगा की यातायात पुलिस ने सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए गुड सेमेरिटन के बारे में विस्तार से बताया जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी लाये जाने के उद्देश्य से एसडीपीओ ऐश्वर्या चंद्राकर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव में लगभग 300 छात्र को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात पुलिस ने बताया कि बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन एवं बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहन नहीं चलाना चहिए। साथ ही छात्र को बिना ड्रायविंग लायसेंस के कोई भी वाहन नहीं चलाने की समझाईस भी दी गई। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही गुड सेमेरिटन योजाना की भी जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में यातायात पुलिस देवानंद घृतलहरें, संतोष वर्मा, विद्यालय से प्राचार्य यू.डी. गेण्डरे, शिक्षक, संतोष जोशी, रोमेश साहू, संतोष देवांगन, अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कारगिल विजय दिवस पर निकाला 108 फीट तिरंगा व मशाल यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला द्वारा मुंगेली शहर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 108 फीट तिरंगा व मशाल यात्रा निकाल कर अमर शहीदों का जय घोष करते हुए नगर भ्रमण किया। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से तिरंगा मशाल यात्रा प्रारंभ हुई,यात्रा पाठक पारा, पुलपारा, दाऊपारा होकर चर्च



के बगल से भाजपा कार्यालय के पीछे सरदार वल्लभ भाई पटेल पुल होते हुए आगर खेल परिसर के सामने स्थित शहीद स्मारक के समक्ष मशाल सौंप कर तथा श्रद्धांजलि पश्चात समाप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में कारगिल विजय का 25 वाँ वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है भारत की विजय गाथा से नई पीढ़ी को अवगत कराना है ताकि शहीदों की कुर्बानी व शहीद अमर रहें। युवामोर्चा प्रभारी शिवेंद्र सिंह ने कहा कि कारगिल विजय से प्रेरणा ले कर बड़ी संख्या में युवाओं को सेना में सेवा देनी चाहिए। युवामोर्चा जिलाध्यक्ष तरुण खाण्डेकर ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुई कारगिल युद्ध में सैनिकों की साहस व बाजपेयी जी का नेतृत्व देश के लिए अविस्मरणीय है। कारगिल के युद्ध मे मुंगेली ने भी वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत के रूप में आहुति दी थी। जिला महामंत्री अमितेश आर्य ने कहा कि 26 जुलाई का दिन हर भारतीय को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाना चाहिए। इस अवसर प्रमुख रूप से भाजपा नेता गिरीश शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, सुनील पाठक, संजय वर्मा, आशीष मिश्रा, संजय गोस्वामी, कोटूमल दादवानी, यश गुप्ता, अंजना जायसवाल, रितिमालाल सहित युवामोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रवींद्र भारती स्कूल मदनपुर में बच्चों ने उत्साह से किया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

रवींद्र भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर के वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह व हर्षोल्लास से पौधा रोपण किया जिसमें प्रायमरी कक्षा से लेकर हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार, शोभाकार, व औषधीय पौधे लगाए गए, विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रजनी सोनवानी व मानिक लाल सोनवानी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, साथ मे जनपद सदस्य कमल लोचन टोन्डर एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल सेतगंगा नारायण शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चन्द्राकर द्वारा बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए इस कार्यक्रम को निर्देशित किया गया वहीं दूसरी ओर संस्था प्राचार्य मनोहर यादव द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण की भूमिका व उसके लाभ पर विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने कहा कि वृक्ष हम सब के लिए रोगहारी, प्राणदायिनी व दैनिक आवश्यकता हेतु पूर्ण सहायक है इसकी रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है, कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चन्द्राकर द्वारा उद्बोधन में वृक्षों से होने वाले लाभ व उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया सांथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भी पौध रोपण के विविध लाभ पर चर्चा की गई व वृक्षारोपण के कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण अंतिम कड़ी प्रदान करते हुए पूर्ण किया गया।

# दिनों दिन बढ़ता जा रहा है सड़कों की समस्या का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




सड़कों की समस्या का मामला दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर ज्ञापन सौपने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। इसी कड़ी में अजय साहू और भारत रत्न मंडेला ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। दिये गये ज्ञापन के अनुसार मुख्य मार्ग सड़क मुंगेली कुंडा के फास्टरपुर, केसलीकला, माडाडबरी आदि जगह के सड़क बहुत ही बड़े बड़े गड्डे हो गए हैं जो मरम्मत करने योग्य अति आवश्यकता है। मरम्मत नहीं होने से कई बार घटना घट गया है इस सड़क का जल्द मरम्मत नहीं किया जाता हैं तो किसी दिन अप्रिय दुर्घटना घट सकता है जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अतः उक्त मार्ग मुंगेली कुंडा सड़क फास्टरपुर केसलीकला, माडाडबरी सड़क को अतिशीघ्र मरम्मत करने की अपील की है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अवैध मिठाई कारखाना में दी गई दबिश

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर राजनांदगांव शहर के कुआं चौक नंदई में अवैध रूप से संचालित मिठाई एवं सोनपापड़ी निर्माता कारखाना में दबिश दी गई। इस दौरान फर्म में व्यापक अनियमितता तथा साफ-सफाई व दस्तावेजों का अभाव पाया गया। जांच के दौरान फर्म में वैध खाद्य लायसेंस भी नहीं पाया गया। अव्यवस्थाओं के बीच निर्माण किए जा रहे सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक, तेल, मैदा सहित अन्य खाद्य सामग्री जप्त कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु सेंपल लिया गया। लगभग 67 हजार रूपए मूल्य की लूस सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक को सीज कर अभिगृहित किया गया है। कारखाने में निर्माण एवं भंडारित किए जा रहे खाद्य सामग्री को जो संभवतः आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में विक्रय करने की तैयारी थी, किंतु विभाग की कार्रवाई से यह योजना पूरी नहीं हो पायी। फर्म के संचालक को वैध दस्तावेज, उचित साफ-सफाई एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री का नियमानुसार व्यापार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। फर्म के संचालक द्वारा स्वमेव आगामी कार्रवाई तक निर्माण बंद कर दिया गया है।



# नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य के सभी नगरीय निकायों में से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और विभाग के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों से फोन पर बात कर गंभीरता से नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान वार्डवार आयोजित शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार के प्रकरणों का निपटारा करने भी कहा है। उप मुख्यमंत्री साव ने नगर निगम आयुक्तों और संयुक्त संचालकों को वार्डवार आयोजित शिविरों के सतत निरीक्षण और इनके सुचारू संचालन के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व मामलों के निराकरण के साथ ही संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली की भी व्यवस्था बनाने को कहा है।




### 10 अगस्त तक चलेगा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# विधानसभा सत्र के बाद दंतेवाड़ा लौटते ही विधायक अटामी किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

विधायक चैतराम अटामी विधानसभा सत्र के बाद वापस दंतेवाड़ा लौटते ही शनिवार को किरंदुल पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों से मिले,लगातार मूसलाधार बारिश के बीच विधायक चैतराम अटामी बाढ़ से प्रभावित वार्ड क्रमांक 01,वार्ड क्रमांक 03 और वार्ड क्रमांक 06 पहुंचे और पीड़ित लोगो से घर घर जा कर जायजा लिया।विधायक चैतराम अटामी के पहल पर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना द्वारा राहत सामग्री कपडे,गद्दे और भोजन की व्यवस्था की जा रही है साथ ही अंतरिम सहायता राशि के तौर पर प्रत्येक परिवार को 20 हज़ार रु सहायता राशि भी दी जा रही है,अभी तक 200 परिवारों को अंतरिम सहायता राशि दी जा चुकी है साथ ही पीड़ितो की मदद हेतु लगातार राहत कार्य जारी हैं।




# सरगुजा संभाग में पीईकेबी के प्रतिपूरक वनरोपण के अंतर्गत भारतीय वन विभाग ने 50 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए

■ हसदेव अरण्य पर्यावरण क्षरण पर लोकसभा में चर्चा हुई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में पर्यावरण क्षरण के संबंध में लोकसभा प्रश्न के उत्तर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन महानिरीक्षक (वन्यजीव प्रभाग) को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जिसमें साल 2023 तक, परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान में खनन के लिए प्रतिपूरक उपायों के रूप में, वनीकरण, खदान सुधार और स्थानांतरण प्रयासों के लिए कुल 53,40,586 पेड़ लगाए गए हैं। इन नए लगाए गए पेड़ों में से लगभग 40,97,395 जीवित पेड़ हैं। वहीं खनन के लिए 94,460 पेड़ों का विदोहन किया गया है। आम आदमी पार्टी के पंजाब के सांसद संदीप कुमार पाठक द्वारा उठाए गए प्रश्न में हसदेव अरण्य में पर्यावरणीय प्रभाव के कई पहलुओं पर जानकारी मांगी गई थी। जिसके जवाब में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा लिखित में जवाब प्रस्तुत किया। जिसमें बताया गया कि हसदेव अरण्य कोयला क्षेत्रों पर अलग से कोई अध्ययन नहीं किया है। हालांकि, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) के निर्देशों के बाद, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) ने भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के साथ मिलकर जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन किया और सरकार को रिपोर्ट सौंपी गई। इस रिपोर्ट में खनन गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सिफारिश नहीं की गई है। वहीं इस क्षेत्र में चल रही खनन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए आने वाले कई वर्षों में अनुमानित 2,73,757 पेड़ों का विदोहन किये जाने की उम्मीद है। इस जानकारी का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी चिंताओं तथा हसदेव अरण्य में शमन और पुनरुद्धार की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालना है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (आरआरवीयूएनएल) अपने बिजली उत्पादन संयंत्रों की कोयले की मांगों को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में तीन उपयुक्त कोयला खदानों का मालिक है। आरआरवीयूएनएल पहले से ही परसा ईस्ट कांता बासन ब्लॉक का संचालन कर रहा है और औद्योगीकरण और नौकरियों से वंचित इस जिले में करीब 10,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। राजस्थान सरकार का निगम छत्तीसगढ़ सरकार को 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के कर, रॉयल्टी और अन्य शुल्क भी देता है। आरआरवीयूएनएल द्वारा अपने दो अन्य परसा और केते एक्सटेंशन ब्लॉकों का संचालन शुरू करने के बाद यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है। लगातार चार वर्षों से कोयला मंत्रालय से पांच सितारा रेटिंग के साथ, पीईकेबी ब्लॉक न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि भारत में एक मॉडल खदान के रूप में उभरा है। अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई स्कूल, अदाणी विद्या मंदिर ने भी एक अनूठा मॉडल विकसित किया है, जहां छात्रों की माताएं 1,000 से अधिक छात्रों के लिए नाश्ता और दोपहर का भोजन बनाती हैं और उन्हें मुफ्त शिक्षा, परिवहन, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म और कई अन्य सुविधाएं प्रदान करती हैं।

# किरन्दुल में मूसलाधार बारिश से फिर बाढ़ की स्थिति, जनता बेहाल



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में विगत दिनों से हो रहीं बारिश से लोगों की परेशानी कम होने का नाम नही ले रही हैं।21 जुलाई को भी तेज बारिश के साथ पहाड़ों से लोहचुर्ण के साथ नगर में आफत आई लोगों के आशियाने मवेशी सब कुछ बहे गया।जिला प्रशासन और एनएमडीसी ने राहत कार्य शुरू ही किया था पीडित परिवार की जिंदगी पटरी पर आई ही रही थी कि शुक्रवार रात से फिर मूसलाधार बारिश शुरू हो गई और देखते ही देखते फिर से बैलाडिला की पहाड़ी से लोहचुर्ण बहे कर किरन्दुल नगर में पहुचा और लोगो के घरों में घुस गया और लोगों को जान बचा कर भागने लगे लोगो ने पीड़ितों को घरों से निकाला यही बारिश की यही स्थिति रही तो बैलाडिला टापू में तब्दील हो जाएगा।शनिवार को बंगाली कैंप सुभाष नगर तालाब पारा भट्टी पारा मल्लप्पा कैंप शुक्र कैंप रेलवे कॉलोनी पटेल पारा के घरों में घुसे लाल मिट्टी पानी जिससे लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई हैं।मौके पर मंत्री केदार कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी,एसपी गौरव राय,जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एडिशनल कलेक्टर राजेश कुमार पात्रे एसडीम विवेक चंद्रा तहसीलदार जीवेश सोरी पहुंचें और स्थिति का जायज़ा लिया।

# लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम पर आयोजित हुई कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर अटल नगर में शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 (द पब्लिक एक्जामिनेशन, प्रीवेंशन ऑफ अनफेयर मींस, एक्ट 2024) पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में केन्द्र सरकार द्वारा पारित नये कानून के प्रावधानों के संदर्भ में आयोग के पैनल अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल, अधिवक्ता उच्च न्यायालय द्वारा उक्त कानून के संबंध में व्याख्यान दिया गया। विदित हो कि उक्त कानून 21 जून 2024 से भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है, जिसके तारतम्य में उत्तरप्रदेश तथा बिहार सरकार द्वारा भी इस कानून को राज्य की परीक्षाओं में लागू करने का अध्यादेश पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस कानून को लागू करने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

## 93 आवेदनों में 50 का किया निराकरण

# डुण्डेरा शिविर में गोदभराई, 3 ने मांगा पेंशन

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



नगर सुराज अभियान की शुरूआत करते डुण्डेरा में हिमानी साहू की गोद भराई की गई। वहीं तीन वरिष्ठ नागरिक की पेंशन लेने की इच्छा पूरी हुई। नगर पालिक निगम के जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 93 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। इसमें से 50 ऐसे शिकायत थे जिसका निराकरण मौके पर ही किया गया। वार्ड 35, 36 और 37 के जनसमस्या निवारण शिविर में बारिश होने के बाद भी 100 से अधिक लोग किसी न किसी समस्या के निराकरण के लिए पहुंचे थे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकी ढीमर के पुत्र कुबेर ढीमर का अन्न प्रासन्न भी कराया। वहीं अतिथियों ने हिमानी साहू की गोद भराई करते हुए पौष्टीक आहार से भरा टोकरी प्रदान की। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में 8 हितग्राही खुद के लिए आवास मांगते आवेदन प्रस्तुत किया। जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर और विधायक प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, विक्की सोनी, अजीत चैधरी ने किया।

**आधार अपडेशन में भीड़ :** शिविर स्थल में सबसे ज्यादा भीड़ आधार अपडेट कराने वालों की थी। कुल 32 लोगों ने आधार अपडेट कराते 7 लोगो ने ईलाज कराने आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर स्थल पर 28873 रूपए की राजस्व वसूली भी की गई। इसके अलावा 3 हितग्राही नल कनेक्शन, 3 नाली, सड़क संबंधी निर्माण के लिए और 28 लोग राशन कार्ड में नाम संशोधन कराने पहुंचे थे।

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**// (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 156189 प्रथम आमंत्रण 16.07.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् जिला राजनांदगांव के ठेलकाडीह में शासकीय महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैंड स्कैपिंग, सेप्टिक टैंक एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण का कार्य। जमा कार्य। | 460.25 |
| 2 | 156250 प्रथम आमंत्रण 18.07.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् जिला बेमेतरा में विकासखण्ड नवागढ़ के नांदघाट में शासकीय महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैड स्कैपिंग, सेप्टिक टैक, पहुंच मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण का कार्य। जमा कार्य। | 454.97 |
| 3 | 156384 प्रथम आमंत्रण 18.07.2024 | जिला बेमेतरा में नवीन परिवार न्यायालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैंड स्कैपिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण का कार्य। | 269.22 |
| 4 | 156350 प्रथम आमंत्रण 18.07.2024 | जिला रायपुर के सरोना क्षेत्रांतर्गत आने वाले मार्ग में डामरीकरण लंबाई 7.15 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 269.41 |
| 5 | 156488 प्रथम आमंत्रण 22.07.2024 | जिला मुंगेली के विकासखण्ड लोरमी के रहंगी-बांधी मार्ग में रहंगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 178.88 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 दिनांक 06.08.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 12.08.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

G-242501379/8

**कार्यालय नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
07720-285709, Email ID-npkharora@gmail.com

क्रमांक/807/न.प./लो.नि.वि./2024-25 खरोरा, दिनांक 26/07/2024

**// आवश्यकता //**

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकाय में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से **Swachh TULIP** कार्यक्रम अन्तर्गत **TULIP INTERN TRAINEE** हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 3 माह | 05.08.2024 | 4500 | 2 | 7000474821 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**नगर पालिका परिषद नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0**

क्रमांक/774/न.पा.प./2024 नारायणपुर, दिनांक 26/07/2024

**// आवश्यकता //**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के नगर पालिका परिषद नारायणपुर में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से **Swachh TULIP** कार्यक्रम अन्तर्गत **TULIP INTERN TRAINEE** हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह (3 माह) | 05.08.2024 | 4500 | 02 | 9098888658 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् नारायणपुर

# रामानुजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल, बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति सेवा भाव का प्रतीक

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में निशुल्क भोजन सहित उत्तम व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के द्वारा झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों के लिए निशुल्क रुकने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जहां नगरवासी स्वेच्छा से कांवरियों की सेवा के लिए तैनात रह रहे हैं। नगर वासियों की सेवा भावना देखते बन रही है नगर वासियों के सेवा से गदगद लोग तारीफकरते नहीं थक रहे हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति रामानुजगंज के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में कांवरियों को रोकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था कराई गई है। कांवरियों की सेवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन 24 घंटे तैयार रहता है यहां सुबह से ही नगर के विभिन्न वार्डो से लोग सेवा के लिए स्वेच्छा से पहुंच जाते है। नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 15 एवं दुखेश्वर महादेव मंदिर समिति, ओंकारेश्वर महादेव मंदिर समिति, बाबा नर्वदेश्वर महादेव मंदिर समिति सहित अन्य विभिन्न संगठनों के लोग प्रतिदिन 15 से 20 की संख्या में सुबह से लेकर देर रात तक कावरियो की सेवा के लिए तैनात रहते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के व्यवस्थापक एवं संयोजक रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर का यह सौभाग्य है कि श्रावण मास के पवित्र माह में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावंर यात्रियों की सेवा का मौका हम सब को मिल रहा है।सामूहिक प्रयास से यह सेवा कार्य सफल हो पा रहा है।

### रात्रि में भी कांवरियों के लिए खुले हैं दरवाजे

छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश से भी बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरिया रामानुजगंज से होकर जा रहे हैं ऐसे में उन्हें रामानुजगंज पहुंचने में रात 12 से 2 बज जा रहा है ऐसी स्थिति में भी पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन के दरवाजे कांवरियों की सेवा के लिए खुला रह रहा हैं।

### भजन कीर्तन के लिए उत्म व्यवस्था का प्रबंध

बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्री जिस श्रद्धा एवं भक्ति भाव से घर से निकलते हैं उसी के अनुकूल पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में व्यवस्था की गई है यहां पहुंचने वाले कांवरियों के लिए भजन कीर्तन की भी व्यवस्था की गई है। जिसके लिए साउंड सिस्टम, हारमोनियम, तबला, झाल, मंजिरा भी रखे गए हैं।

### प्राथमिक उपचार से कावड़ यात्री कि मिट रही पीड़ा

लंबी यात्रा के दौरान कई कावड़ यात्री बुखार, सिर दर्द, सर्दी खांसी से पीड़ित होते हैं ऐसे कावड़ यात्रियों के प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां भी यहां रखी गई है।

### सेवा भावना से प्रसन्नचित है कावड़ यात्री

कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए नौजवान से लेकर बुजुर्ग भीं तत्पर रहते हैं। स्थिति ऐसी है कि नगर के कई व्यापारिक वर्ग के लोग, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भी सेवा भावना के साथ यहां डटे रहते हैं जिनकी सेवा भावना देखकर कावड़ यात्री तारीफकरते नहीं थकते।

# नगरीय निकायों क्षेत्रों में 15 दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जिले के नगरीय निकायों के सभी वार्डों में 27 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। उक्त शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, स्वरोजगार के प्रकरण, पेंशन, साफ-सफाई आदि संबंधित समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा।

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार जनसमस्या निवारण पखवाड़े को सफल आयोजन हेतु नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिसमे बलरामपुर विकासखण्ड अंतर्गत उप अभियंता अभिषेक सिंह, रामानुजगंज विकासखण्ड अंतर्गत प्रमेश कुमार ध्रुव उप अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बलरामपुर नगर पालिका परिषद् अंतर्गत 27 जुलाई को ऑडोटोरिम भवन वार्ड-3 व 4, 31 जुलाई को जनपद पंचायत के पास वार्ड-2 व 7, 01 अगस्त को पुराना बस स्टैण्ड के पास वार्ड-5, 6 व 15, 02 अगस्त आंगनबाड़ी केन्द्र-वार्ड-12, 14, 05 अगस्त को हनुमान मंदिर के पास वार्ड-9, 10, 07 को आंगनबाड़ी केन्द्र-वार्ड 01, 08 तथा 09 अगस्त को ज्ञान गंगा स्कूल के पास वार्ड-11, 13 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार रामानुजगंज नगर पंचायत अन्तर्गत 27 जुलाई को आंगनबाडी वार्ड-01, 30 जुलाई को आंगनबाड़ी भवन-वार्ड 04, 31 जुलाई को अम्बेडकर भवन वार्ड-03, 01 अगस्त को प्राथमिक शाला बुद्धटोला, 02 अगस्त को राधेश्याम भवन (मिनी टाउन हॉल), 05 अगस्त को काका लरंग साय (कम्यूनिटी टाउन हॉल), 06 अगस्त को आंगनबाड़ी वार्ड-10 सरदार बल्लभ भाई पटेल (शापिंग काम्प्लेक्श के पीछे), 07 अगस्त को प्राथमिक शाला कोईरीटोला, 08 अगस्त को आंगनबाड़ी भवन वार्ड-14, तथा 09 अगस्त को हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

# कारगिल में शहीद जवानो को कोलंबिया संस्थान द्वारा कैंडल मार्च के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष इस दिन को इस युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने हेतु बतौर कारगिल विजय दिवस का आयोजन इस वर्ष भी संस्थान की कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की यूनिट तथा इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ इकाई कैंडल मार्च का आयोजन कर कारगिल युद्ध में शहीद जवानो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार पांडेय, डॉ शिव शंकर शुक्ला कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की एन एस एस इकाई के सागर साहू, डॉ नेहा दुबे, डॉ बीना गिडवानी, दिशा केशरवानी एवं एन एस एस इकाई के स्वयं सेवक तथा विद्यार्थीगण बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सीएम ने एनएचएम से जिला अस्पताल को दिए 7 नए डॉक्टर्स

### संख्या पहुंच गई 42, व्यवस्था सुधारने 1.32 करोड़ की स्वीकृति

### जिला अस्पताल में सीटी स्कैन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की कमी अब भी बरकरार

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जशपुर जिले को सात विशेषज्ञ चिकित्सक की पोस्टिंग का आदेश जारी हो गया है। इन चिकित्सकों के मिल जाने से जिलेवासियों को उपचार के लिए बड़ी सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी किये गए आदेश में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश पटेल, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ ब्राडिना छाया नायक, एमडी मेडिसिन डॉ पियुष देवांगन, शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ शरद गरेवाल,निश्चेतन विशेषज्ञ डॉ मनीष कुमार ध्रुव, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश खत्री, रेशपेरेटरी मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ कमल नारायण गुप्ता की पोस्टिंग जिला चिकित्सालय में दी गई है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से जिला चिकित्सालय जशपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के खाली पदों पर चिकित्सकों की पदस्थापना की मांग की जाती रही है। जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार सम्हालने के तत्काल बाद जिले की स्वास्थ्य सेवा में आमूल चूल सुधार लाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास शुरू कर दिया था। इसी का नतीजा है कि विधानसभा चुनाव के 8 माह के अंदर ही जिले में 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना संभव हो सकी है।

### इसकी मिल चुकी है स्वीकृति

जशपुर जिले के कुनकुरी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार ने 220 बिस्तर की क्षमता वाली सर्वसुविधा युक्त आधुनिक अस्पताल की स्वीकृति दे चुकी है। इसके लिए बजट स्वीकृत कर, राशि भी जारी हो चुकी है। इसके साथ ही सरकार के पहले बजट में सरकार ने जिले के 7 उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने की घोषणा करने के साथ आवश्यक मानव संसाधन के लिए पद और वित्तीय संसाधन को स्वीकृत किया था।

### एम्बुलेंस भी बढ़ाए

जशपुर जिले में एंबुलेंस सुविधा सुधारने के लिए बीते 8 माह में सरकार ने 10 एंबुलेंस उपलब्ध कराएं हैं। सरकार के इस कदम से जिले में एंबुलेंस की संख्या 26 हो गई है। यह सभी एंबुलेंस शहर से लेकर गांव तक मरीजों की सेवा में जुटे हुए हैं।

### ये हैं जिला अस्पताल के नए डॉक्टर्स

1. डॉ. मुकेश पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ
2. डॉ. ब्राडिना छाया नायक,स्त्रीरोग विशेषज्ञ
3. डॉ. पियुष देवांगन,एमडी मेडिसिन
4. डॉ. शरद गरेवाल,शल्य क्रिया विशेषज्ञ
5. डॉ. मनीष कुमार ध्रुव, निश्चेतन विशेषज्ञ
6.डॉ. राजेश खत्री, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
7. डॉ. कमल नारायण गुप्ता, रेशपेरेटरी मेडिसीन विशेषज्ञ

# एनसीसी कैडेट ने किया महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण



**जशपुरनगर।** कर्नल हेमन्त कुमार झा, कमान अधिकारी 28 बटालियन, एनसीसी रायगढ़ के निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फलदार वृक्ष अमरुद, जामुन, कटहल, लगाया गया। वक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल एनसीसी सीनियर डीविजन के कैडेटो एवं वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया कि अब एनसीसी के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन हो चुका है। प्रारम्भ में एनसीसी का स्वरुप मात्र परेड करने तक सीमित था परन्तु अब एनसीसी का कार्य समाज सेवा की ओर भी है। इसी क्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी सीनियर डिविजन के कैडेट्स एवं महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ विजय रक्षित एवं रजिस्टर बी आर भारद्वाज, प्रो जेआर भगत, प्रो डीआर राठिया, प्रो एआर बैरागी एवं एनसीसी कैडेट्स करन यादव, एमडी मुख्तार, प्रांजल यादव, आशुतोष सिंह, विशोक राम, सौरभ सिंह, नैमिष यादव, औआशा बाई साथ ही एन सी सी के प्रभारी कैप्टन एआर पैकरा उपस्थित थे।

# सायबर फ्रॉड की शिकार हुई महिला के खाते से 2.73 लाख की ठगी, पुलिस ने वापस कराए 2 लाख रुपए




**जशपुरनगर।** लोदाम क्षेत्र की एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर 2.73 लाख रुपए गंवा चुकी थी। पुलिस की सजगता से अबतक 2 लाख रुपए रिकवर हो सके। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला मोबाईल नंबर 7489 में व्हाट्सअप चलाती है, 30 अप्रैल को इसके व्हाट्सअप में CSC Commission update i.o.cn(y.{mb) का लिंक आया, प्रार्थिया ने जैसे ही उस लिंक को टच किया, तो उसका मोबाईल हैक हो गया। मोबाईल हैक होने के उपरांत मोबाईल से व्हाट्सअप मैसेज तथा एसएमएस अन्य नंबरों में ऑटोमैटिक तरीके से जाने लगा, उसके कुछ देर बाद प्रार्थिया के बैंक खाते में 1 रू. आया फिर अलग-अलग चरणों में 02 बार में कुल रू. 2,73,000 इसके खाते से ठगी कर ट्रांजेक्शन कर लिया गया। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर थाना लोदाम में उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान सायबर सेल द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये उक्त स्थानांतरित रकम को होल्ड कराया गया एवं अब तक उक्त महिला के खाते में ठगी का कुल 2,014,79 /- वापस कराया जा चुका है, शेष रकम को भी वापस करने की कार्यवाही की जा रही है।

### इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं ठगी के रकम को वापसी कराने में उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, निरीक्षक राकेश यादव, सायबर सेल के स.उ.नि. हरिशंकर राम, आर. 699 अनिल सिंह का सराहनीय योगदान रहा है। प्रकरण में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

# शांतिनिकेतन कॉलेज में प्रवेश के लिए अन्तिम दो दिन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के प्रसिद्ध कॉलेज शांतिनिकेतन महाविद्यालय पानी टंकी के पास बाजार चौक चंगोराभाठा रायपुर में विभिन्न तकनीक विषय बीएससी प्लेन बायो, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी, डीसीए पीजीडीसीए, बीकॉम प्लेन और कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रवेश के लिए कुछ ही सीट खाली है। महाविद्यालय पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कॉलेज है शांति निकेतन महाविद्यालय प्रदेश का ऐसा महाविद्यालय है जहां छात्र-छात्राओं को पिछले कक्षाओं के प्राप्त के अनुसार प्राप्तांक के अनुसार या किसी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जाता बल्कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निर्धारित सीटों की भर्ती की जाती है। बेहतर शिक्षा संस्कार देना ही इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है।

शांतिनिकेतन महाविद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता ने बताया है कि हमारे यहां संचालित विषय अन्य कॉलेजों से संचालित विषय से अलग है जिसमें छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार व स्वरोजगार प्रदान करने में सक्षम है उक्त कॉलेज से विज्ञान कंप्यूटर वाणिज्य से संबंधित विषय विभिन्न विषयों में से विद्यार्थी अपने मनपसंद विषय दोनों माध्यमों हिंदी व अंग्रेजी में चुन सकते हैं।

# स्कूली बच्चों सहित आम जनमानस से कलेक्टर की संवेदनशील अपील

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पिछले कुछ दिनों से जिले में रिकार्ड तोड रही बारिश से कई नदी नाले उफान पर है साथ ही कई जगहों पर बारिश का पानी सड़कों और पुल-पुलियों के उपर से भी बहने की सूचना मिल रही है। ऐसे में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने लोगों को भारी बारिश में सुरक्षित रहने एवं सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिक जलभराव वाले एवं क्षतिग्रस्त, डायवर्सन वाले पुल-पुलियों एवं सड़कों के किनारे सूचना बोर्ड लगाया गया है। सूचना को पढ़कर पुल को पार करने के लिए सतर्कता बरते। कलेक्टर ने लगातार बारिश के कारण अधिक जल भराव वाले सड़क एवं पुल-पुलियों में लोगों को पुल के उपर से पानी बहने पर पार नहीं करने तथा सावधानीपूर्वक आवागमन करने की अपील है।

साथ ही अधिक जल बहाव की स्थिति में स्कूली बच्चों को जान जोखिम में लेकर पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में ऐसे पुल को पार नहीं करने की भी अपील की है उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने अधिक जलभराव वाले पुल से पार नहीं करने के संबंध में लोगां को जागरूक करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये हैं। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों को सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्य में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, एनएच एवं अन्य विभागों द्वारा समन्वय करके सावधानी बोर्ड लगाया गया है। जिले के मैदानी सहित दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के पुल-पुलियों एवं सड़कों में भी सावधानी बरतने के सूचनायुक्त बैनर, फ्लैक्स एवं स्थायी सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है। नदी, नालां के किनारे सूचना बोर्ड लगाकर लोगों को अधिक जलभराव से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# प्रदेश भर में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा की शुरुआत

## जशपुर में वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में 27 जुलाई से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू हो गया है, जो 10 अगस्त तक चलेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 के नागरिकों की जन समस्या के निराकारण किये जाने हेतु शहर स्थित वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता एवं छतीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्याअपर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर राधेश्याम राम, अध्यक्ष, राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष, वार्ड क्र. 02 के पार्षद भागवत नारायण एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय के द्वारा किया गया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा शासन के द्वारा चलाई जा रही जन समस्या निवारण पखवाड़ा के संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना, आयोध्या घाम तिर्थि यात्रा योजना, विस्तरित जानकारी उपस्थित आम नागरिकों को प्रदान कि गई, एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरीकों से अपील की गई की घरों के बाहर कचरा न करें, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 11 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 13 आवेदन प्राप्त हुए। निर्माण से संबंधित 3 आवेदन, विद्युत से 3 आवेदन, सफाई से 8 आवेदन, महतारी वंदन के 1 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 1 आवेदन, जलप्रदाय के 3 आवेदन तथा राशन कार्ड के 5 प्रकारण प्राप्त हुए है। प्राप्त शिकायत पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर ही 12 प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विद्युत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक निकाय के वार्डो में लगाई जावेगी, जिसमें आम नागरिक अपने शिकायत एंव मांग हेतु आवेदन कर सकते है। इस दौरान वार्डवार शिविरों का आयोजन कर आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्ति, नल कनेक्शन, पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र और स्वरोजगार के प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। शिविरों में राजस्व मामलों के निराकरण और कर वसूली की भी व्यवस्था की जाएगी। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, अशिगा विश्वास उप अभियंता, नवीन तिवारी उप अभियंता, टी.आर यादव, लेखपाल, जगेशवर चौहान लोक निर्माण प्रभारी, सुरेन्द्र मिश्रा जल प्रदाय प्रभारी, प्रभात सिंन्ह, राजस्व प्रभारी, विमल तिर्की, लिलेन्द्र प्रधान, ज्योति खलखों, विजय कुमार, गणपत सिंह, महेश्वर चौहान, दिनेश सिंह, भोला यादव, शंकर यादव, सरोज भगत, संध्या, निर्मला मिंज सहित निकाय के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित रहे।

# कोलंबिया ग्रुप द्वारा सघन वन वृक्षारोपण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनिकी विश्वविद्यालय से सम्बंधित कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयो द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन कोलंबिया कॉलेज के कैंपस में किया गया, जहां करीब 62 पौधों को रोपित किया गया। विदित हो कि कोलंबिया संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण की परंपरा चली आ रही है जिसमें विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं सहभागी रहती हैं कार्यक्रम के दौरान ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा एवं सदस्यगण रोटरी क्लब के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा एवं सदस्यगण, छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ढींगरा तथा कोलंबिया ग्रुप के चेयरमैन किशोर जादवानी, सेक्रेटरी हरजीत सिंह हूरा, कॉलेज के सभी प्राध्यापक व छात्र छात्राये मौजूद थे। इस अवसर पर समाजसेवी संस्थाओं के अध्यक्षों द्वारा सघन वन वृक्षारोपण की महत्ता को बताया गया तथा छात्रों को वृक्षों की कमी से भविष्य में होने वाले परेशानियों से अवगत कराया। कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयो के कार्यक्रम अधिकारी सागर साहू, ओमेश साहू, महेंद्र साहू के साथ साथ रोटरेक्ट क्लब सदस्य राहुल गोस्वामी भी उपस्थित थे।






''संघर्ष एक ऐसी चीज है
जो आपको वास्तविक
रूप में खोजती है।''

''यह मत सोचो की
मुझसे नहीं हो पायेगा
बल्कि यह सोचो की
मेरे अलावा कर कौन पायेगा''


''सफलता की सीढ़ी चढ़ने में संघर्ष ही उसका रास्ता होता है।''

''सपने सच हों इससे पहले
आपको सपने देखने होंगे।''











''आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते
पर आप अपनी आदते बदल सकते हैं
और निश्चित रूप से आपकी आदते
आपका भविष्य बदल देगी।''
– ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

''इंसान सफल तब होता है,
जब वो दुनियां को नहीं
बल्कि खुद को बदलना
शुरू कर देता है।''

















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403